अच्छा इंसान बनने की कोशिश उसी तरह करो जिस तरह हम सुंदर बनने की करते हैं।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण

Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, गुरूवार 16 जुलाई 2026 | वर्ष-36 अंक-326 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए






## ब्रीफ न्यूज

### केंद्र ने ओडिशा व झारखंड में रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ओडिशा और झारखंड में रेल मंत्रालय की 3,907 करोड़ रुपये की लागत वाली दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दी। ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में प्रस्तावित इन परियोजनाओं से रेलवे नेटवर्क में करीब 145 किलोमीटर की वृद्धि होगी तथा इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस परियोजना पर मुहर लगाई गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी।

### पुणे के मोशी बिल्डिंग हादसे में दो अधिकारी निलंबित

**मुंबई।** पुणे जिले के मोशी बिल्डिंग हादसा मामले में पिंपरी -चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त ने बुधवार को दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारियों में एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट के हेड संजय कुलकर्णी और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर योगेश अलहट हैं। यह कार्रवाई मोशी इलाके में 8 जुलाई को एंथनी लारा रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी की बिल्डिंग गिरने से 9 कर्मचारियों की मौत मामले में की गई है। इस घटना की सघन छानबीन पुलिस के साथ नगर विकास विभाग की टीम उच्च स्तरीय जांच कर रही है।

### चिप उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी है और इसके लिए कुल बजट 1.27 लाख करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में अश्वनी वैष्णव ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र को सतत और दीर्घकालिक समर्थन की आवश्यकता को पहचानते हुए और सेमीकॉन 1.0 के तहत आई गति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी गई है। इसका लक्ष्य देश को विश्व के सेमीकंडक्टर मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को और आगे बढ़ाना है।

### मदन मित्रा ने भी छोड़ा ममता का साथ, पार्टी के सभी पदों से दिया इस्तीफा

कोलकाता, 15 जुलाई (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की राजनीति में बुधवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। राज्य के पूर्व मंत्री और उत्तर 24 परगना जिले के कामारहाटी से तृणमूल कांग्रेस विधायक मदन मित्रा ने पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। इसके बाद वे सीधे पश्चिम बंगाल विधानसभा पहुंचे और वहां विपक्ष के नेता ऋत्ब्रत बंद्योपाध्याय के कक्ष में जाकर उनसे मुलाकात की।

बुधवार सुबह मदन मित्रा अपने घर से स्वयं कार चलाकर विधानसभा पहुंचे। विपक्ष के नेता के कक्ष में पहुंचने के बाद में उन्होंने मीडिया के सामने भावुक अंदाज में कहा कि जीवन के इस पड़ाव पर उन्हें सही और गलत का फैसला करना पड़ा है।

# पशुपालन से मुक्त हुए राज्य मंत्री लखन पटेल, अब देखेंगे आनंद विभाग

### मुख्यमंत्री के पास रहेगा विभाग, कुल संख्या हुई 11

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री लखन पटेल से पशुपालन एवं डेयरी विभाग वापस ले लिया गया है, जिसे अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद संभालेंगे। इस बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक बदलाव के बाद लखन पटेल के पास अब केवल आनंद विभाग की जिम्मेदारी रह गई है, जिसे लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। लखन पटेल दो बार के विधायक हैं और सरकार में पशुपालन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पशुपालन विभाग का बजट और प्रशासनिक महत्व काफी बड़ा माना जाता है, जबकि आनंद विभाग अपेक्षाकृत छोटा विभाग है। ऐसे में इस बदलाव को राजनीतिक नजरिए से भी देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि मोहन यादव सरकार में मंत्रियों से विभाग छिनने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान से भी वन एवं पर्यावरण विभाग लेकर रामनिवास रावत को सौंपा गया था, लेकिन रावत के उपचुनाव हारने के बाद से वह विभाग भी मुख्यमंत्री के पास ही है।

### मुख्यमंत्री के पास कुल 11 अहम विभाग

इस नए बदलाव के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन, खनिज साधन, लोक सेवा प्रबंधन और प्रवासी भारतीय के साथ-साथ पशुपालन एवं डेयरी विभाग भी आ गया है। इस तरह उनके पास अब कुल 11 अहम विभाग हो चुके हैं।

### स्वावलंबी गोशालाओं के संचालन का विवाद माना जा रहा कारण

मंत्री लखन पटेल से यह अहम विभाग वापस लिए जाने के पीछे प्रदेश में शुरू होने वाली स्वावलंबी गोशालाओं के संचालन के विवाद को माना जा रहा है। दरअसल, इन गोशालाओं के संचालन के लिए चुनी गई कई संस्थाओं की कार्यप्रणाली से सरकार खुश नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद विभागीय अफसरों और मंत्री



की सहमति से उन्हें काम सौंपने की तैयारियां चल रही थीं। इसके बाद जब इन संस्थाओं को जमीन आवंटन के मामले की शिकायत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंची, तो आलाकमान के निर्देश पर यह कड़ा कदम उठाया गया।

### बोले मंत्री लखन पटेल- विभाग क्यों वापस लिया नहीं पता

इस बाबत जब मीडिया ने मंत्री लखन पटेल से पूछा तो उन्होंने कहा कि किसे कौन सा विभाग देना है, यह पूरी तरह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है, लेकिन उनसे यह विभाग क्यों वापस लिया गया, इसकी वजह उन्हें खुद नहीं पता है।

### 10 साल के इतिहास में पहली बार आनंद विभाग का मंत्री

साल 2016 में देश का पहला आनंद विभाग बनाने वाले मध्य प्रदेश के 10 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब कोई मंत्री सिर्फ और सिर्फ आनंद विभाग का ही प्रभार संभालेगा, इससे पहले यह हमेशा किसी बड़े विभाग के साथ ही संबद्ध रहता था।

### ईशा ग्रामोत्सव में अब उत्तर भारत के राज्यों में भी होगा आयोजित

**नई दिल्ली।** ईशा ग्रामोत्सव, अब उत्तर भारत के गांवों में भी होने जा रहा है। दक्षिण भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रिय यह खेल टूर्नामेंट पहली बार उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, और महाराष्ट्र में भी आयोजित किया जाएगा। 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की भागीदारी के साथ इसका 18वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इनके साथ ओडिशा, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी भी इसमें भाग लेंगे। बताया कि इस बार के टूर्नामेंट में लगभग 40,000 गावों से 80,000 लोग, 7000 टीमों के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इसमें लगभग करीब 15,000 महिला खिलाड़ी शामिल हैं टूर्नामेंट में ग्रैंड फिनाले की विजेता वॉलीबॉल और थ्रोबॉल टीमों को 5-5 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा, जबकि उपविजेता टीमों को 3-3 लाख रुपये दिए जाएंगे। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः 01 लाख और 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। क्लस्टर और डिवीजनल चरणों में भी नकद पुरस्कार दिए जाएंगे तथा पैरालंपिक श्रेणी के लिए विशेष पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं।

### विधानसभा का मॉनसून सत्र

## मोहन सरकार का जोर यूसीसी पर , कांग्रेस ने की केन-बेतवा ,सरदार सरोवर राशि पर जवाब मांगने की तैयारी

**भोपाल , ब्यूरों।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र आगामी 20 जुलाई से प्रारंभ होकर 24 जुलाई तक चलेगा। मोहन सरकार इस सत्र में 14 विधेयको के साथ सबसे महत्वपूर्ण विधेयक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लेकर आने वाली है। मोहन सरकार ने विगत कई महीनों इस पर आम जन से सुझाव भी मांगे थे। अब आगामी 18 जुलाई को जगदीशपुर में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर लग जाएगी। इसके बाद बाद इसे विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही पांच दिवसीय सत्र के दौरान राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए पहला अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा।

उधर विपक्षी कांग्रेस सत्र के दौरान सरदार सरोवर में मुआवजा और गुजरात को दी जाने वाली राशि को लेकर सवाल जवाब कर सकती है। इसके साथ ही केन बेतवा लिंक परियोजना मुआवजा , राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त के साथ -साथ जून माह में हुए ट्रांसफर मामले में मंत्रियों एवं अधिकारियों के बीच हुई तनातनी को भी मुद्दा बना सकती है। ऐसे में सत्र के हंगामेदार होने के आसार है।

### कुल1755 प्रश्न हुए प्राप्त

मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के इस 11वे सत्र सत्र के दौरान कुल1755 प्रश्न प्राप्त हुए हैं। इनमें तारांकित प्रश्नों की संख्या 900 एवं अतारांकित प्रश्नों की संख्या 856 है।

### किसान कल्याण वर्ष के तहत प्रदेशव्यापी अभियान का आगाज

## खेत से कारखाने और कारखाने से बाजार तक विकसित होगी कृषि अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### डेयरी पर 10 लाख रुपये तक अनुदान, किसानों को दिन में बिजली, आधुनिक मंडी और कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार समेत कई बड़ी घोषणाएं

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर से राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि 卐खेत से कारखाने और कारखाने से बाजार卐 तक संपूर्ण कृषि अर्थव्यवस्था विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को प्रदेश में



किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, एमएसएमई, ऊर्जा और राजस्व सहित 16 विभागों के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 13 नवंबर तक प्रदेश के सभी 55 जिलों में संचालित होगा, जिसमें खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समृद्धि पानी, बिजली और सड़क पर निर्भर है। सरकार किसानों को रात के बजाय दिन में कृषि बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गेहूं की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई तथा सोयाबीन उत्पादकों को भावांतर योजना के माध्यम से सहायता दी गई। वहीं अब किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण लेने के बाद हर छह माह में नवीनीकरण नहीं कराना होगा, बल्कि एक वर्ष बाद राशि जमा करने की सुविधा मिलेगी।

## दिल्ली में तय समय सीमा में मिलेंगी सरकारी सेवाएं, सरकार ने विधेयक को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने नागरिकों के हित में निर्णय लेते हुए दिल्ली (राइट ऑफ सिटिजन टू टाइम बाउंड एंड ईज ऑफ डिलीवरी ऑफ सर्विस) बिल-2026, दिल्ली (नागरिकों का समयबद्ध व सुगम सेवा प्रदाय का अधिकार) विधेयक-2026 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। विधेयक में सरकारी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए स्पष्ट दंडात्मक व्यवस्था की गई है। बिना उचित कारण के सेवा प्रदान करने में देरी होने पर संबंधित अधिकारी पर प्रति दिन 250 रुपये का दंड, जिसकी अधिकतम सीमा 5,000 रुपये



होगी, लगाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इस विधेयक से नागरिक को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सरकारी सेवाएं प्राप्त हों। सरकारी विभागों और अधिकारियों को सेवा प्रदान करने में होने वाली देरी तथा लापरवाही के लिए अधिक जवाबदेह बनाया जाएगा। यह कानून दिल्ली में प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और नागरिकों को अधिक पारदर्शी, सरल, प्रभावी तथा तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक वर्ष 2011 के दिल्ली (नागरिकों का समयबद्ध सेवा प्रदाय का अधिकार) अधिनियम का स्थान लेगा। नई व्यवस्था में आधुनिक डिजिटल तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जाएगा, जिससे सेवाओं का वितरण अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

## भारत-ब्रिटेन सीईटीए लागू, भारतीय निर्यात को 99 प्रतिशत उत्पादों पर मिलेगा शून्य शुल्क का लाभ

### 20 से अधिक बंदरगाहों, हवाई अड्डों, आईसीडी, एसईजेड और फैक्ट्रियों से 50 से अधिक निर्यात खेप रवाना, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया भारत-ब्रिटेन संबंधों का ऐतिहासिक पड़ाव

**नई दिल्ली।** भारत और यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) तथा सामाजिक सुरक्षा समझौता (डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन) बुधवार से औपचारिक रूप से लागू हो गया। इसके साथ ही दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ गया है। समझौते के लागू होने के पहले ही दिन देशभर के 20 से अधिक बंदरगाहों, हवाई अड्डों, इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) और औद्योगिक इकाइयों से 50 से अधिक निर्यात खेपों को रियायती शुल्क व्यवस्था के तहत ब्रिटेन के लिए रवाना किया गया। इन निर्यात खेपों का कुल मूल्य 14 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक बताया गया है।

नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतङ्कब्रिटेन संबंधों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश मिलेगा।

### चुनाव जीतने से ज्यादा जनता की सेवा करना अधिक महत्वपूर्ण: उपराष्ट्रपति

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है, जब विचार-विमर्श गरिमा के साथ हो और हर मतभेद से ऊपर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतना महत्वपूर्ण है, लेकिन जनता की सेवा करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। मतों से चुनाव जीते जा सकते हैं, लेकिन जनता का स्थायी सम्मान और विश्वास केवल ईमानदार जनसेवा से ही अर्जित होता है। उपराष्ट्रपति बुधवार को राजस्थान विधानसभा के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विधायी गौरव यात्रा ऱ पूर्व एवं वर्तमान सदस्यों के कॉन्क्लेव के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

### केवड़ा का पौधा इंसानों से भी करोड़ों साल पुराना, असम में मिले 2.4 करोड़ साल पुराने जीवाश्म

**नई दिल्ली।** केवड़ा पौधा इंसानों से भी करोड़ों साल पुराना है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि केवड़ा का पौधा भारत में करीब 2.4 करोड़ साल से मौजूद है। यानी यह पौधा इंसानों के आने से भी बहुत पहले और हिमालय बनने के पहले से धरती पर था।

असम के माकुम कोयला क्षेत्र में केवड़ा के पत्तों के जीवाश्म मिले हैं। इन जीवाश्मों का अध्ययन बिरबल साहनी पुराजीव विज्ञान संस्थान, लखनऊ के वैज्ञानिकों ने किया। उन्होंने पाया कि ये पत्ते आज के केवड़ा पौधे जैसे ही हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, करोड़ों साल पहले केवड़ा जैसे पौधे दुनिया के कई हिस्सों में पाए जाते थे लेकिन जलवायु बदलने के बाद ये कई जगहों से खत्म हो गए। भारत उन चुनिंदा स्थानों में रहा, जहां यह पौधा आज तक बचा रहा।

शोधकर्ताओं का कहना है कि इस खोज से यह समझने में मदद मिलेगी कि जलवायु परिवर्तन के दौरान पौधे कैसे जीवित रहे और भारत की जैव विविधता कैसे विकसित हुई।

### बायोमेडिकल रिसर्च को मिलेगा बड़ा बढ़ावा, 1500 करोड़ रुपये के कार्यक्रम की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने बुधवार को बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम (बीआरसीपी) फेज-3 की शुरुआत की। इस कार्यक्रम पर कुल 1,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें 1,000 करोड़ रुपये भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और 500 करोड़ रुपये ब्रिटेन की वेलकम ट्रस्ट संस्था देगी। डॉ जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य भारत में विश्वस्तरीय बायोमेडिकल शोध को बढ़ावा देना और वैज्ञानिकों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत शोधकर्ताओं को फेलोशिप, रिसर्च ग्रांट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने के अवसर दिए जाएंगे, ताकि देश में मजबूत वैज्ञानिक कार्यबल तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि भारत की बायोइकोनॉमी 2014 में 10 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में 195 अरब डॉलर से अधिक हो गई है और 2030 तक इसके 300 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### आईआईटी जोधपुर का अभिनव शोध | दृश्य प्रकाश से ऊर्जा संजोने वाले स्मार्ट मैटेरियल विकसित करने में जुटे वैज्ञानिक

## सूरज की रोशनी से ऊर्जा संजोने वाले स्मार्ट मैटेरियल विकसित कर रहे आईआईटी जोधपुर के वैज्ञानिक

### नई तकनीक से स्मार्ट खिड़कियां, प्रकाश संचालित उपकरण और सोलर थर्मल फ्यूल सिस्टम होंगे अधिक प्रभावी

**जोधपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के वैज्ञानिक सूर्य के दृश्य प्रकाश से ऊर्जा संजोने वाले स्मार्ट मैटेरियल विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण शोध कर रहे हैं। यह तकनीक भविष्य में स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण, स्मार्ट उपकरणों और उन्नत प्रकाशीय प्रणालियों के विकास में नई क्रांति ला सकती है। संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में फंक्शनल ऑर्गेनिक मैटेरियल्स प्रयोगशाला की टीम ऐसे विशेष कार्बनिक पदार्थ विकसित कर रही है, जो सूर्य के दृश्य प्रकाश के संपर्क में आने पर अपने गुण बदलते हुए ऊर्जा का प्रभावी भंडारण और उपयोग करने में सक्षम होंगे।



वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में अधिकांश स्मार्ट मैटेरियल केवल पराबैंगनी (यूवी) किरणों पर सक्रिय होते हैं, जबकि सूर्य के प्रकाश का सबसे बड़ा हिस्सा दृश्य प्रकाश होता है। इसी कारण मौजूदा तकनीकों की उपयोगिता सीमित रह जाती है। आईआईटी जोधपुर का शोध ऐसे पदार्थ विकसित करने पर केंद्रित है, जो सीधे दृश्य प्रकाश में सक्रिय होकर अधिक दक्षता और व्यावहारिक उपयोग सुनिश्चित कर सकें।

शोध की प्रमुख उपलब्धियों में दृश्य प्रकाश से संचालित मॉलिक्यूलर फोटोस्विच का विकास शामिल है। ये सूक्ष्म अणु प्रकाश मिलने पर अपनी संरचना बदल लेते हैं। अब तक ऐसे फोटोस्विच केवल पराबैंगनी प्रकाश में सक्रिय होते थे, लेकिन नए शोध के माध्यम से इन्हें सामान्य सूर्य के प्रकाश में भी प्रभावी ढंग से कार्य करने योग्य बनाया जा रहा है। शोधकर्ता इन अणुओं को द्रव क्रिस्टल आधारित पदार्थों के साथ जोड़कर ऐसे स्मार्ट मैटेरियल तैयार कर रहे हैं, जो सूर्य की रोशनी पड़ते ही अपने प्रकाशीय और यांत्रिक गुण बदल सकें।

## यह भी खूब: यह दतिया उप- चुनाव में पीएम मोदी के हमशक्ल की एंट्री



**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया उप- चुनाव में चुनावी माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमशक्ल अभिनंदन पाठक की एंट्री हुई है। काशी निवासी अभिनंदन पाठक बुधवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने के लिए दतिया पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और उनके चेहरे पर लड़ा जा रहा है। उनके प्रचार में शामिल होने से चुनावी सरगर्मी और बढ़ गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### उज्जैन पं. गौरव शर्मा बने अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**उज्जैन।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा समाजसेवा एवं संगठन के प्रति सक्रिय योगदान को देखते हुए पंडित गौरव शर्मा को अखिल भारत हिन्दू महासभा का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पं. गौरव शर्मा को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन की विचारधारा, गतिविधियों एवं जनहित के कार्यों का प्रभावी प्रचार-प्रसार होगा तथा संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नियुक्ति के उपरांत पं. गौरव शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए वे सतत कार्य करेंगे तथा प्रदेशभर के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा ड्रग अवेयरनेस रन का आयोजन

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में मध्यप्रदेश शासन के प्रदेशव्यापी 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा उन्मूलन गतिविधियों के आयोजन की कड़ी में बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा के नेतृत्व में ड्रग अवेयरनेस रन का आयोजन महाविद्यालय परिसर से एबी रोड़ होते हुए बस स्टैंड तक हुआ। उसके बाद सभी प्रतिभागी किला रोड़ पहुंचे जहां क्षेत्रीय विधायक श्री अरुण भीमावद ने वहां उपस्थित जिला व पुलिस प्रशासन एवं अन्य संस्थाओं सहित एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स को नशा न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलवाई। रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने नारों एवं जन-जागरूकता संदेशों के माध्यम से आमजन को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता संचालन के लिए अधिकारी नियुक्त

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उदेश्य से卐पर्यटन क्विज प्रतियोगिता卐 का आयोजन 07 अगस्त 2026 को जिला स्तर पर किया जायेगा। उक्त क्विज प्रतियोगिता 2026 के आयोजन के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) की ओर से प्रभारी अधिकारी सहायक संचालक शिक्षा विभाग राजेन्द्र शिप्रे एवं प्रतियोगिता संचालन के लिए क्विज मास्टर मा.शि. मा.वि. बिजाना शुभम शर्मा को नियुक्त किया गया हैं।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया आज से अशोकनगर जिले चार दिवसीय प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**अशोक नगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज बुधवार को मध्य प्रदेश के चार दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। वे यहां अशोकनगर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और विकास कार्यों की सौगात देंगे।

जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया आज सायं 07.10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 10 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर आएंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 16 जुलाई को केन्द्रीय मंत्री सिंधिया प्रातः 09.45 बजे तार वाले बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन करेगें। इसके बाद वे प्रातः10.10 बजे से प्रातः11.25 बजे तक जनसंपर्क कार्यालय में जनसुनवाई करेगें।



इसके बाद सिंधिया आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह की बहनों के साथ संवाद के अलावा अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और शाम को 05.15 बजे सेमरखेडी पहुंचकर विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेगें। इसके बाद सिंधिया रात्रि 08.55 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात सर्किट हाउस अशोकनगर में रात्रि विश्राम करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 17 जुलाई को कलेक्ट्रेट अशोकनगर में प्रातः 10 बजे से प्रातः11.30 बजे तक डीवीएमसी की बैठक लेंगे और प्रातः11.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कलेक्ट्रेट में प्रेस कान्फ्रेस करेगें। इसके बाद वे 12.30 बजे सेमरी शाहबाद पहुंचकर ग्राम चौपाल एवं शासकीय स्कूल भवन का लोकार्पण करेगें।

तत्पश्चात सिंधिया दोपहर 02.40 बजे अशोकनगर रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्वार उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे और इसके बाद वे तुलसी सरोवर अशोकनगर पहुंचकर पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी का अभिनंदन एवं संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे, साथ ही पारकना, सेहराई में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे किला कोठी पहुंचेकर रात्रि विश्राम करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 18 जुलाई को प्रातः 09.30 बजे जागेश्वरी माता मंदिर पहुंचकर दर्शन करेगें। इसके बाद वे पाठखेडा में विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेगें। दोपहर 12.45 बजे ग्राम मढ़ी महिदपुर में विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करने के बाद वे अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। तत्पश्चात ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बांध में नहाते समय डूबा युवक, तलाश जारी

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र स्थित भूतियाबे बांध में बुधवार सुबह एक युवक नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने काफी देर तक युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर राजगढ़ से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

जानकारी के अनुसार माचलपुर निवासी 30 वर्षीय जगदीश वर्मा बुधवार सुबह भूतियाबे बांध पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था। कार्यक्रम शुरू होने से पहले वह नहाने के लिए बांध में उतरा। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण वह उनकी पहुंच से दूर चला गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। युवक की तलाश के लिए स्थानीय स्तर पर काफी प्रयास किए गए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

बताया जा रहा है कि युवक सुबह करीब 11 बजे बांध में डूबा था और घंटों बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। सूचना पर माचलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सर्च अभियान शुरू कराया। बांध में अधिक पानी और गहराई के कारण तलाश अभियान में कठिनाई आने पर राजगढ़ से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में राहत और बचाव कार्य जारी है।

# मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा, 23 घायल

**जबलपुर।** मध्?य प्रदेश के जबलपुर जिले के सिहोरा थाना क्षेत्र के लमकना रोड स्थित आलासूर (सिमरिया) मोड़ के पास बुधवार सुबह मजदूरों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में करीब 40 मजदूर सवार थे, जिनमें से 23 घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार सभी मजदूर बहोरीबंद क्षेत्र के चरागवां और कूड़ा अमाड़ी गांव से लाहोद गांव धान की रोपाई करने जा रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे पिकअप सड़क किनारे खेत में पलट गई।

घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को शासकीय सिविल अस्पताल सिहोरा पहुंचाया गया। घायलों में प्रियंका, कढ़ोरीलाल चौधरी, मनीषा बाई, जयंतो



बाई, नंदकिशोर, राजकुमारी, सुदामा बाई, लली बाई, सुकन्या बाई, संतरा बाई, आशीष चौधरी, सविता, गोमती, सुलोचना, राजू चौधरी, दीपक चौधरी, मोनू, राजकुमार, सुमित्रा बाई, अर्चना, ज्योति, इमरती बाई और रितु चौधरी शामिल हैं। सभी घायल कूड़ा अमाड़ी और चरागवां गांव के निवासी बताए गए हैं।

चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश घायलों को मामूली चोटें आई हैं और उनका उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पिकअप में क्षमता से कहीं अधिक करीब 40 मजदूरों को ठूंस-ठूंसकर बैठाया गया था। ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया, जिससे 23 मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिले मानसून की रफ्तार पड़ी धीमी, किसानों को रोपाई के लिए बारिश का इंतजार

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में पिछले कुछ दिनों से मानसून की धीमी रफ्तार से सूखे जैसे हालात बनने लगे हैं। आसमान में कभी-कभार काले बादल तो नजर आते हैं, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। इस स्थिति के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे किसान बेहद चिंतित हैं।

मौसम में उमस के साथ-साथ गर्मी के दिनों जैसी तीखी धूप पड़ रही है। खेतों से नमी पूरी तरह गायब हो चुकी है और धान के बीज अंकुरित होने लगे हैं। ज्यादातर किसानों की धान की नर्सरी (थरहा) तो तैयार है, लेकिन खेतों में पानी जमा न होने की वजह से वे रोपाई नहीं कर पा रहे हैं।

किसान मनराज केवट ने बताया कि अब तक इतनी बारिश ही नहीं हुई है कि खेतों में धान की रोपाई शुरू की जा सके। जिन कुछ किसानों ने सिंचाई का इंतजाम करके रोपाई कर भी ली थी, अब उन्हें फसल सूखने और मेहनत बर्बाद होने का डर सता रहा है।

### नदियां सूखीं, जलस्तर नहीं बढ़ा

जुलाई के इस महीने में जहां आमतौर पर नदियां उफान पर रहती थीं, वहीं इस बार जिले की मुख्य नदियां—सोन, तिपान, चंदास, केवई, अलान और गौडारू अब भी सूखी पड़ी हैं और अपनी तलहटी पकड़े हुए हैं। इन नदियों का जलस्तर बिल्कुल नहीं बढ़ा है।

### पिछले साल के मुकाबले आधी हुई बारिश

भू-अभिलेख अधीक्षक प्रदीप मोगरे ने बताया कि मानसून इस समय पश्चिमी हवाओं की चपेट में आ गया है, जिसकी वजह से इसकी रफ्तार रुक गई है। इस मानसून सीजन में 1 जून से लेकर अब तक जिले में सिर्फ 237.2 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। इसके उलट, पिछले साल इसी दौरान 410.9 मिमी बारिश हुई थी। यानी इस साल अब तक पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग आधी ही बारिश हुई है।

### कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, घरेलू हिंसा एवं पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता शिविर आयोजित

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर अध्यक्ष श्री आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था (ऋस्श्वञ्ज्ञ्) शाजापुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बोरासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा ने भी सहभागिता की।

श्रीमती नमिता बोरासी ने स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था (ऋस्श्वञ्ज्ञ्) शाजापुर के उपस्थित महिला प्रशिणार्थी को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, पॉक्सो अधिनियम, 2012 एवं पॉश (क्कश्स॥ ) अधिनियम, 2013 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बच्चों के कानूनी अधिकारों, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, शिकायत प्रक्रिया तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल तथा हिंसा मुक्त जीवन का अधिकार है।

# विषयगत सीमितता लघुकथा की प्रगति की राह में मुख्य बाधक तत्व सुपेकर

### हिंदी लघुकथा ःवर्तमान परिदृश्य और चुनौतियाँ विषय पर ऑन लाईन संगोष्ठी संपन्न

**उज्जैन।** विषयगत सीमितता लघुकथा की प्रगति की राह की मुख्य बाधा है । लघुकथा में युवाओं की रुचि बढ़ाने और विधा की उन्नति के लिए तकनीक और आधुनिक विज्ञान को अपने सृजन, शिल्प और शीर्षक में समाहित अवश्य हो लेकिन हाँ, एक महत्वपूर्ण तथ्य- चिंतन ,मनन का पुनीत कार्य ए. आई. या चैट जी पी टी को बिलकुल नही देना चाहिये। अपने अनुभवों की उर्वरता बरकरार रखते हुए उसे समेटने की शक्ति लघुकथा में लगे तो बेहतर । कुल मिलाकर तड़प यह कि लघुकथा ऐसा कुछ कहे, करे कि केवल लघुकथाकार ही नहीं, हर क्षेत्र का समीक्षक उस पर लिखने को उतावला हो उठे। उक्त विचार नगर के साहित्यकार सन्तोष सुपेकर ने आंध्र प्रदेश -तेलंगाना की संस्था, युवा उत्कर्ष मंच द्वारा आयोजित ऑन लाइन गोष्ठी मे व्यक्त किए।

युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच (पंजीकृत न्यास) आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य शाखा की वर्चुअल पच्चीसवीं संगोष्ठी 12 जुलाई - 2026 ( रविवार )को आयोजित की गई।

डॉ. रमा द्विवेदी (अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य शाखा ) एवं महासचिव सरिता दीक्षित ने संयुत प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह कार्यक्रम प्रख्यात व्यंग्यकार और आलोचक श्री बी एल आच्छा (चेन्नई) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । विषय प्रवर्तक के रूप में वरिष्ठ व्यंग्यकार और साहित्यकार रामकिशोर उपाध्याय( नयी दिल्ली), मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ लघुकथाकार संतोष सुपेकर(उज्जैन ) एवं डॉ रमा द्विवेदी (प्रदेश अध्यक्ष ) मंचासीन रहे। अध्यक्ष, मुख्य वक्ता तथा विषय प्रवर्तक का परिचय क्रमशः रश्मि तिवारी,शकुंतला मिश्रा तथा शिल्पी भटनागर ने दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तृप्ति मिश्रा




युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश शाखा की पच्चीसवीं ऑनलाइन संगोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार

द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ । तत्पश्चात प्रदेश इकाई की अध्यक्षा डॉ रमा द्विवेदी ने सम्माननीय अतिथियों का शब्द पुष्पों से स्वागत किया और संस्था का परिचय दिया ।

विषय प्रवर्तन करते हुए रामकिशोर उपाध्याय ने कहा - बिना किसी गहरे चिंतन या वैचारिक परिपक्वता के, सतही विषयों पर लघुकथाएँ लिखी जा रही हैं, जिससे इस विधा की गंभीरता प्रभावित हो रही है। लघुकथा केवल छोटी कथा नहीं है, बल्कि इसमें एक बिंदु पर आकर तीव्र प्रभाव छोड़ना अनिवार्य होता है।विधागत शिल्प और अनुशासन को बनाए रखना लघुकथा के समक्ष एक बड़ी चुनौती है।

संगोष्ठी के अध्यक्ष श्री बी एल आच्छा (चेन्नई) ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा-लघुकथा छोटे आकार में जीवन की साधारणता में असाधारण को तलाशती है। लघुकथा का अंत बहुत प्रभावकारी होना चाहिए। समय के अनुरूप वैचारिक बदलाव और शिल्प में नवीनता जरूरी है। लघुकथा में प्रभावी शीर्षक का निर्वाह अंत तक होना चाहिए और कथ्य की बुनावट में कसावट होना चाहिए।

संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित हुई । प्रथम सत्र परिचर्चा तथा द्वितीय सत्र कवि गोष्ठी रही। परिचर्चा में डॉ इंदु सिंह ,डॉ सुरभि दत्त ,डॉ संगीता शर्मा ,डॉ रमा द्विवेदी ,सुषमा त्रिपाठी एवं दर्शन सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

**भिंड सड़क हादसा: भिंड-ग्वालियर हाईवे पर देर रात दर्दनाक दुर्घटना, आलू से भरा तेज रफ्तार ट्रक स्कूटी को टक्कर मारने के बाद पलटा**

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत, साथी का पैर कटा; हाईवे पर दो घंटे तक लगा जाम

### एनएच-719 पर बरहद गांव के पास हुआ हादसा, घायल को ग्वालियर रेफर; चालक फरार, पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले में भिंड-ग्वालियर हाईवे (एनएच-719) पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में घायल युवक का एक पैर शरीर से अलग हो गया। हादसे के बाद आलू से भरा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे के बीचोंबीच पलट गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटाकर मार्ग को फिर से चालू कराया।

पुलिस के अनुसार, ग्राम ओझा निवासी विजय पुत्र प्रहलाद जाटव और ईशू पुत्र पुजारी जाटव स्कूटी क्रमांक एमपी-07-एसआर-1674 से भिंड-ग्वालियर हाईवे पर जा रहे थे। जैसे ही वे मेहगांव थाना क्षेत्र के बरहद गांव के पास पहुंचे, पीछे से तेज गति से आ रहे आलू से भरे ट्रक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और ट्रक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित ट्रक कुछ दूरी तक घिसटने के बाद हाईवे के बीच पलट गया।

हादसे में विजय जाटव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, ईशू जाटव गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि उसका एक पैर शरीर से अलग हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मेहगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर



दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा परिजनों को घटना की सूचना दी।

दुर्घटना के बाद आलू से भरा ट्रक हाईवे के बीचोंबीच पलट जाने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों और अन्य गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और क्रेन बुलाकर पलटे ट्रक को हटाने का कार्य शुरू कराया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक को सड़क से हटाया जा सका और यातायात सामान्य हो पाया।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मेहगांव थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हुई है, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल का उपचार ग्वालियर में चल रहा है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि एनएच-719 पर पिछले कुछ समय से लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार, अपर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है।

# इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर ऑटो पलटा, नसबंदी शिविर जा रहीं चार महिलाएं घायल

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे शाहपुर फाटे के पास एक ऐपे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार चार महिलाएं घायल हो गईं। सूचना मिलते ही डायल-112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसा शाहपुर फाटे से पहले होटल मन के समीप हुआ। ऑटो में सवार सभी महिलाएं मैथा खारी गांव की निवासी हैं और नसबंदी शिविर में शामिल होने के लिए बुरहानपुर जिला अस्पताल जा रही थीं। घायल महिला कमला बाई ने बताया कि ऑटो के पास से तेज गति से एक ट्रक गुजरा, जिसके बाद चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ऑटो सड़क से उतरकर खेत में पलट गया।



डायल-112 की टीम ने तीन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जबकि घायल प्रमिला नाथ को 108 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया गया। ऑटो में छह से सात महिलाएं सवार थीं, जिनमें चार को चोटें आई हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों का उपचार जारी है और उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## ब्रीफ न्यूज

### दतिया में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशासन सक्रिय

**भोपाल।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप सतत जारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 जुलाई तक नाम वापसी की जा सकेगी। मतदान 30 जुलाई को होगा, जबकि मतगणना 3 अगस्त को कराई जाएगी।

शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या व्यक्ति को रैली, सभा, जुलूस, वाहन रैली, नुक्कड़ सभा अथवा अन्य चुनावी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि चुनावी गतिविधियों की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। ये टीमें चुनावी खर्च, आदर्श आचार संहिता के पालन, वाहनों की जांच, पेड न्यूज और प्रचार सामग्री पर लगातार नजर रखेंगी। जिला प्रशासन ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पूर्व स्वीकृत अवकाश निरस्त कर दिए हैं। साथ ही शासकीय कर्मचारियों को चुनाव अवधि में पूरी तरह निष्पक्ष रहने और किसी भी राजनीतिक गतिविधि से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं। सार्वजनिक एवं शासकीय संपत्तियों पर पोस्टर, बैनर और फ्लेक्स लगाने पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। 16 जुलाई नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

### 100 करोड़ की लागत से आकार ले रहा आस्था का भव्य धाम

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के छोला स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का सहकारिता, मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए परियोजना को तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से कहा कि कॉरिडोर निर्माण का मूल उद्देश्य श्रद्धालुओं को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुराने गर्भगृह की मूल संरचना और धार्मिक स्वरूप को पूरी तरह यथावत रखते हुए मंदिर परिसर के आसपास के क्षेत्र का विस्तार किया जाए, जिससे मंदिर की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक पहचान सुरक्षित रहे।

मंत्री श्री सारंग ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि परियोजना के सभी चरणों के लिए सुव्यवस्थित ड्राइंग एवं चरणबद्ध एक्शन प्लान तैयार किया जाए, जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थित रूप से पूरा हो सके। साथ ही निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश भी दिए।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं, स्थानीय रहवासियों एवं व्यापारियों को किसी प्रकार की अनावश्यक असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## भोपाल डबल मर्डर केस

# दो करोड़ की संपत्ति के लिए रची गई खौफनाक साजिश, रिटायर्ड दंपति की कराई हत्या

### *फर्जी दानपत्र बनवाकर संपत्ति हड़पने की थी तैयारी, मृतका की भाभी समेत कई करीबी हिरासत में; हथियार की तलाश में जुटी पुलिस*

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के ऐशबाग क्षेत्र में रिटायर्ड दंपति हेमंत फिलेमोन और उनकी पत्नी शकुंतला बारीक की दोहरी हत्या के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि करीब दो करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा करने के लिए सुनियोजित साजिश रची गई थी। आरोप है कि संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से पहले फर्जी दानपत्र (गिफ्ट डीड) तैयार कराया गया और जब दंपति मकान बेचने की तैयारी करने लगे तो भाड़े के हत्यारों के जरिए उनकी हत्या करा दी गई।

पुलिस के अनुसार, फिलेमोन दंपति अपने ऐशबाग स्थित मकान को लगभग 1.20 करोड़ रुपये में बेचने की प्रक्रिया में थे। जांच में पता चला कि यदि मकान बिक जाता तो कथित आरोपियों की संपत्ति हड़पने की योजना पूरी तरह विफल हो जाती। इसी कारण साजिशकर्ताओं ने हत्या की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिलाया।

मामले की जांच के दौरान पुलिस को एक फर्जी दानपत्र मिला, जिसने पूरे केस की दिशा बदल दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस दस्तावेज की जानकारी न तो हेमंत फिलेमोन और शकुंतला बारीक को थी और न ही उनके अन्य रिश्तेदारों को। दस्तावेज सामने आने के बाद क्राइम ब्रांच और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच का दायरा बढ़ाया और संपत्ति से जुड़े सभी लोगों से पूछताछ शुरू की।

जांच में मृतका शकुंतला बारीक की भाभी शिवानी बारीक की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2021 में शिवानी की एक संपत्ति बेचने में प्रॉपर्टी



डीलर श्रीकांत ने मदद की थी। इसके बाद शिवानी ने ही श्रीकांत की मुलाकात हेमंत फिलेमोन से कराई थी। बताया जा रहा है कि इटारसी स्थित एक संपत्ति को बेचने के सिलसिले में दोनों के बीच संपर्क बढ़ा और इसी दौरान दो बार पावर ऑफ अटॉर्नी भी बनाई गई थी। शुरुआती जांच में इन्हीं दस्तावेजों और संपत्ति को लेकर विवाद की बात सामने आई है।

पुलिस ने कजलीखेड़ा क्षेत्र से दो सगे भाइयों श्रीकांत और शशिकांत को हिरासत में लिया है। दोनों में से एक प्रॉपर्टी का कारोबार करता है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि हत्या में इस्तेमाल किया गया कट्टा कजलीखेड़ा नाले में फेंक दिया गया था। इसके बाद बुधवार सुबह से तीन थानों की संयुक्त पुलिस टीम आरोपियों को साथ लेकर नाले और आसपास के क्षेत्रों में हथियार की तलाश कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि हथियार बरामद होने के बाद जांच को और मजबूती मिलेगी।

जांच के दौरान एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। वारदात वाले मकान में किराए से रहने वाला एक दंपति घटना के बाद अचानक गायब हो गया था। पुलिस ने उन्हें खोज निकाला है। पूछताछ में उन्होंने हिरासत में लिए गए दोनों प्रॉपर्टी डीलर भाइयों की पहचान की है। इसके अलावा पुलिस के पास घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की गतिविधियों का विश्लेषण किया जा रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने मृत दंपति के कुछ करीबी रिश्तेदारों से भी पूछताछ की है। फिलहाल शिवानी बारीक, उसके मुंहबोले बेटे अल्ताफ, दोनों प्रॉपर्टी डीलर भाइयों और अन्य संदिग्धों से लगातार पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हत्या की साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा भाड़े के हत्यारों तक किसके माध्यम से संपर्क किया गया।

इस सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड ने राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और संपत्ति विवादों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच अंतिम चरण में है और सभी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही पूरे मामले का आधिकारिक खुलासा किया जाएगा। वहीं, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल जांच जारी है और आरोपितों की भूमिका का अंतिम निर्धारण साक्ष्यों तथा न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा।

### भोपाल पुलिस पर सवालः वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी की चाबी अज्ञात युवक को देने का आरोप, सीसीटीवी के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग

# चेकिंग के दौरान पुलिस की मौजूदगी में स्कूटी गायब, पीड़ित ने पुलिसकर्मी पर लगाए गंभीर आरोप

### *300 रुपये का चालान काटने के बाद चाबी लेने का दावा, चार थानों के चक्कर काटता रहा फरियादी; पुलिस बोली—जांच के बाद होगी कार्रवाई*

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि सेंट्रल लाइब्रेरी चौराहे पर चल रही वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मी ने स्कूटी सवार को रोककर उसकी चाबी अपने पास रख ली। इसके बाद कथित रूप से वही चाबी एक अज्ञात युवक को दे दी गई, जो स्कूटी लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई और स्कूटी बरामद कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता नदीम आलम, निवासी ललरिया (तहसील बैरसिया), ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी सुजुकी बर्गमैन स्कूटी (एमपी-04-ज़ेडवाई-8982) को 13 जुलाई की रात करीब आठ बजे उनके बहनोई मोहम्मद सगीर चला रहे थे। सगीर सेंट्रल लाइब्रेरी होते हुए इब्राहिमपुरा जा रहे थे। इसी दौरान सेंट्रल लाइब्रेरी चौराहे पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। शिकायत के अनुसार, ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी ने स्कूटी रोककर उसकी चाबी अपने पास रख ली और यातायात नियमों के उल्लंघन पर 300 रुपये का चालान बनाया।



उस समय सगीर के पास चालान भरने के लिए नकद राशि नहीं थी, इसलिए उन्होंने नदीम आलम को फोन कर मौके पर बुलाया। इसी बीच, शिकायतकर्ता का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने स्कूटी की चाबी एक अज्ञात व्यक्ति को दे दी, जिसने स्कूटी स्टार्ट की और मौके से लेकर फरार हो गया।

नदीम का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे और अपनी स्कूटी के बारे में पूछा तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और कथित रूप से कहा, चाचा, अब तुम्हारी गाड़ी गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि इस कथन से ऐसा प्रतीत होता है कि वाहन लेकर भागने वाले व्यक्ति की जानकारी संबंधित पुलिसकर्मी को थी। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है।

पीड़ित ने अपने आवेदन में यह भी कहा है कि पूरी घटना चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। उनका कहना है कि यदि सीसीटीवी फुटेज की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सकती है। इसी आधार पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

घटना के बाद नदीम आलम वाहन चोरी की शिकायत दर्ज कराने के लिए मंगलवारा, तलैया, हनुमानगंज और गौतम नगर थानों के चक्कर लगाते रहे। उनका आरोप है कि प्रत्येक थाने ने यह कहते हुए शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया कि संबंधित स्थान उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता या उस समय उनकी टीम वहां तैनात नहीं थी। उनका यह भी कहना है कि ट्रैफिक पुलिस ने भी मौके पर चेकिंग करने से इनकार किया।

इस मामले में सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे आरक्षक की पहचान दिनेश डेहरिया के रूप में बताई जा रही है, जो हनुमानगंज थाने में पदस्थ हैं। हालांकि आरक्षक ने आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि उन्होंने किसी अज्ञात व्यक्ति को स्कूटी की चाबी नहीं सौंपी। उनके अनुसार चाबी पहले से ही वाहन में लगी हुई थी और एक अज्ञात युवक स्कूटी लेकर भाग गया। उन्होंने कहा कि उन्हें उस युवक की पहचान नहीं है और उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को भी इस संबंध में जानकारी दी थी।

वहीं, मंगलवारा थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि जिस स्थान पर वाहन चेकिंग हो रही थी, वह उनके थाना क्षेत्र में आता है। मामला उनके संज्ञान में है और इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इस पूरे मामले पर पूर्व पुलिस महानिदेशक मैथलीशरण गुप्त ने भी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि विशेष परिस्थितियों में पुलिस को वाहन जब्त करने का अधिकार होता है, लेकिन सामान्य स्थिति में वाहन की चाबी निकालकर अपने पास रखना पुलिस मैनुअल के अनुरूप नहीं माना जाता। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का मामला हो सकता है।

फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अब सीसीटीवी फुटेज, ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट होगा कि स्कूटी किन परिस्थितियों में गायब हुई और इस पूरे घटनाक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही या जिम्मेदारी तय होती है या नहीं।

### गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - मंत्री श्री परमार

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं, संस्थागत सुधारों एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप तकनीकी शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी, पारदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएँ। मंत्री परमार ने तकनीकी शिक्षा संस्थानों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने, स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग संस्थानों के पाठ्यक्रमों का युक्तियुक्तकरण करने तथा नवीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को कौशलयुक्त, आत्मनिर्भर और उद्योगों की अपेक्षाओं के अनुरूप सक्षम बनाना है।

## बाल सुरक्षा और पॉक्सो एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर भोपाल में 17 जुलाई को राज्य स्तरीय कार्यशाला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह एक दिवसीय कार्यशाला आगामी 17 जुलाई 2026 को आयोजित होगी, जिसमें विषय-विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

कार्यशाला का मुख्य विषय 卐लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) एवं किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण अधिनियम, 2015) के प्रभावी क्रियान्वयन में बाल कल्याण समितियों की भूमिका卐 रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के नेहरू नगर स्थित धन्वंतरी मार्ग पर एम.पी. काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एम.पी.सी.एस.टी.) विज्ञान भवन के सभागार में किया जाएगा। कार्यशाला का शुभारंभ सुबह 10ः00 बजे से होगा।

इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य संकटग्रस्त, बेसहारा और पीड़ित बच्चों की कानूनी सहायता, देखरेख व उनके पुनर्वास में बाल कल्याण समितियों की भूमिका को और अधिक मजबूत व संवेदनशील बनाना है।

## गिरिबाला सिंह के घर चोरी का खुलासा, पारदी गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह के घर हुई चर्चित चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए पारदी गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गुना जिले से पकड़ा गया है। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वारदात को छह बदमाशों ने मिलकर अंजाम दिया था। हालांकि अब तक चोरी गए जेवर और अन्य कीमती सामान की बरामदगी नहीं हो सकी है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 29 जून की रात कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बागमुगालिया एक्सटेंशन में स्थित गिरिबाला सिंह के सूने मकान को निशाना बनाया गया था। वारदात के समय पुलिस गश्ती दल मौके पर पहुंचा भी था, लेकिन बदमाश झाड़ियों के रास्ते भाग निकले। शिकायत में लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और अन्य कीमती सामान चोरी होने की जानकारी दी गई थी।

जांच के दौरान गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर गुना पहुंचा, जहां पारदी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गिरोह ने कई दिनों तक मकान की रेकी की थी। यह पता चलने के बाद कि घर अधिकतर समय बंद रहता है, छह बदमाश रात में पीछे की ओर से सीढ़ी लगाकर घर में दाखिल हुए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी के पास से फिलहाल चोरी का सामान बरामद नहीं हुआ है। गिरोह के अन्य सदस्य फरार हैं और उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। चोरी गए जेवरों और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

## भोपाल अपराध

### एनएसयूआई की 23 वर्षीय पदाधिकारी छात्रा ने संगठन के जिला महामंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

# बैठक के बहाने फ्लैट ले जाकर दुष्कर्म का आरोप, एनएसयूआई नेता की तलाश में जुटी पुलिस

### *पीड़िता का दावा- विरोध करने पर की मारपीट, शिकायत न करने के लिए बनाया गया दबाव; आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश*

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र में छात्र राजनीति से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की 23 वर्षीय पदाधिकारी छात्रा ने संगठन के जिला महामंत्री सुभाष यादव पर बैठक के बहाने फ्लैट पर ले जाकर मारपीट, धमकी देने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने छात्रा की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता मूल रूप से हरदा जिले की रहने वाली है और वर्तमान में भोपाल के एक छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही है। वह वर्ष 2025 से एनएसयूआई से जुड़ी हुई है और संगठन में पदाधिकारी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही है। अपनी शिकायत में छात्रा ने बताया कि 10 जुलाई को कॉलेज परिसरों में चल रहे %छात्रों की गूंज% अभियान के तहत वह पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त रही। शाम को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जिला महामंत्री सुभाष यादव ने संगठन की बैठक होने की बात कहकर उसे रत्नागिरी क्षेत्र स्थित एक फ्लैट पर चलने के लिए कहा।

पीड़िता का आरोप है कि बैठक के नाम पर उसे फ्लैट ले जाया गया, लेकिन वहां कोई बैठक नहीं थी। देर रात हो जाने के कारण वह छात्रावास वापस नहीं जा सकी और वहीं रुक गई। शिकायत के मुताबिक रात करीब 10ः30 बजे आरोपी ने उसके साथ



अशोभनीय हरकतें शुरू कर दीं। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने कथित रूप से उसका हाथ मरोड़ दिया और चेहरे पर मुक्कों व थप्पड़ों से हमला किया, जिससे उसके मुंह से खून निकल आया। इसके बाद उसके साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया गया।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि अगली सुबह आरोपी ने उसके लिए रैपिडो बाइक बुक कर उसे छात्रावास भेज दिया। जाने से पहले उसने कथित रूप से धमकी दी कि यदि उसने इस घटना की जानकारी किसी को दी या पुलिस में शिकायत की तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता का कहना है कि इस धमकी के कारण वह काफी समय तक मानसिक तनाव में रही।

शिकायत में छात्रा ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के बाद संगठन से जुड़े कुछ लोगों ने उस पर मामला दर्ज नहीं कराने का दबाव बनाया। उसका कहना है कि उसे लगातार समझौता करने और चुप रहने के लिए कहा गया। इस दौरान उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे वह अवसाद में चली गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मानसिक दबाव इतना बढ़ गया था कि उसने आत्महत्या करने का प्रयास भी किया। इसके बाद उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर अपनी आपबीती साझा की और संगठन के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पिपलानी थाना पुलिस ने तत्काल छात्रा के बयान दर्ज किए और प्रारंभिक जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली। पुलिस अब मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य परिस्थितिजन्य प्रमाण जुटाने में लगी हुई है। पिपलानी थाना प्रभारी चंद्रिका यादव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है।

## तीन दिन सामूहिक अवकाश पर रहेंगे पटवारी, पांच दिन प्रभावित रह सकते हैं राजस्व कार्य

### पदोन्नति और कैडर रिव्यू समेत लंबित मांगों को लेकर आंदोलन शुरू, सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने पदोन्नति, कैडर रिव्यू और अन्य लंबित मांगों को लेकर बुधवार से तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया है। संघ के आह्वान पर 15 से 17 जुलाई तक प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके बाद 18 और 19 जुलाई को शासकीय अवकाश होने के कारण लगातार पांच दिनों तक राजस्व विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

पटवारी संघ ने सभी जिलों के पटवारियों से आंदोलन में एकजुट होकर शामिल होने की अपील की है। संघ का कहना है कि वर्षों से लंबित मांगों के समाधान के लिए शासन से लगातार पत्राचार और चर्चा की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ऐसे में कर्मचारियों को अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू, नियमित पदोन्नति और सेवा संबंधी अन्य लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण शामिल है। पटवारियों का कहना है कि लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने के कारण कर्मचारियों में असंतोष है। उनका मानना है कि कैडर रिव्यू लागू होने और समय पर पदोन्नति मिलने से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा तथा राजस्व प्रशासन की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

## संपादकीय

# दुनिया को असुरक्षित महसूस कराती ट्रंप की युद्धनीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद की हत्या किए जाने की आशंका जताकर पूरी दुनियां का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दरअसल ट्रंप का यूं स्वयं की हत्या की आशंका जताना केवल एक व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधी बयान नहीं है, बल्कि उस व्यापक भू-राजनीतिक संकट का संकेत भी है, जिसकी आहट आज पूरी दुनिया महसूस कर रही है। जब किसी महाशक्ति का सर्वोच्च नेता सार्वजनिक रूप से अपनी सुरक्षा पर खतरे की बात करता है और साथ ही किसी देश को पूरी तरह समाप्त कर देने जैसी चेतावनी देता है, तब यह केवल राजनीतिक बयानबाजी नहीं रह जाती, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाती है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने राजनीतिक जीवन में स्वयं को अक्सर एक ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत किया है, जो दुनिया में शांति स्थापित करना चाहता है। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम कराने और पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने जैसे दावे भी किए हैं। हालांकि, व्यवहारिक राजनीति में उनके कई फैसले इसके विपरीत दिखाई देते हैं। ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई, आर्थिक प्रतिबंधों का विस्तार और लगातार कठोर बयान यह संकेत देते हैं कि उनकी विदेश नीति में कूटनीति की तुलना में शक्ति प्रदर्शन को अधिक महत्व दिया जा रहा है। यही नहीं शक्तिशाली देश को कमजोर करने या उसकी कमजोरी उजागर कर पड़ोसी दुश्मन देश को उसके खिलाफ भड़काने का काम भी बहुतायत में हुआ है। ईरान के मामले में आंकलन गलत साबित हुआ है, इस कारण इजराइल चुप हो गया और अब अमेरिका खुद को इस चक्रव्यूह से निकालने की कोशिश में सब गंवाते चले जा रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियां बता रही हैं कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव केवल दो-तीन देशों का विवाद नहीं रह गया है। इसका सीधा प्रभाव पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है। इन हमलों में अन्य देशों के नागरिक भी अपनी जान गंवा रहे हैं। कुल मिलाकर जान-माल का खासा नुक्सान हो रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से बड़े स्तर पर वैश्विक तेल आपूर्ति की जाती है। यदि यहां सैन्य टकराव बढ़ता है तो इसका असर तेल की कीमतों से लेकर वैश्विक अर्थव्यवस्था तक दिखाई देगा। ट्रंप का यह कहना कि यदि उनकी हत्या होती है तो ईरान को अभूतपूर्व सैन्य जवाब दिया जाएगा, राजनीतिक दृष्टि से भले ही समर्थकों को संदेश देने का प्रयास हो, लेकिन संवैधानिक और संस्थागत दृष्टि से यह उतना सरल नहीं है। अमेरिकी लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति की अनुपस्थिति की स्थिति के लिए स्पष्ट संवैधानिक प्रावधान मौजूद हैं। किसी भी सैन्य कार्रवाई का निर्णय तत्कालीन राष्ट्रपति और संस्थागत प्रक्रिया के माध्यम से ही लिया जाता है। इसलिए व्यक्तिगत चेतावनी और संवैधानिक वास्तविकता में स्पष्ट अंतर है। इसे ट्रंप भी समझ रहे हैं, इसलिए आगे वो कहते सुने जाते हैं कि उनकी हत्या का बदला वर्तमान उपराष्ट्रपति वेंस लेंगे, क्योंकि तब वो राष्ट्रपति होंगे। दूसरी ओर, ईरान भी लगातार अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है और अमेरिका तथा इज़राइल के विरुद्ध कड़े बयान दे रहा है। दोनों पक्षों की ओर से आक्रामक भाषा और सैन्य गतिविधियों का विस्तार इस आशंका को बढ़ाता है कि यदि किसी भी स्तर पर गलत आकलन या छोटी सी चूक हुई, तो उसका परिणाम व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष के रूप में सामने आ सकता है। इतिहास गवाह है कि अनेक बड़े युद्ध ऐसी ही परिस्थितियों में शुरू हुए, जब कूटनीतिक संवाद की जगह सैन्य शक्ति का प्रदर्शन हावी हो गया। इस पूरे घटनाक्रम में एक महत्वपूर्ण पहलू राजनीतिक मनोविज्ञान का भी है। किसी नेता द्वारा स्वयं पर हमले की आशंका सार्वजनिक करना कई बार सुरक्षा संबंधी वास्तविक चिंताओं का परिणाम हो सकता है, तो कई बार यह अपने समर्थकों को संगठित करने और कठोर नीतियों को उचित ठहराने का राजनीतिक माध्यम भी बनता है। इसलिए ऐसे बयानों का मूल्यांकन तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर ही किया जाना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक भावनाओं के आधार पर। आज दुनिया पहले से ही रूस-यूक्रेन युद्ध, गाजा संकट, पाकिस्तान-अफगानिस्तार, सीरिया संकट और विभिन्न क्षेत्रीय संघर्षों से जूझ रही है। ऐसे समय में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता टकराव वैश्विक शांति के लिए नई चुनौती बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा संयम और संवाद की अपील इसी कारण महत्वपूर्ण है। किसी भी युद्ध का अंत अंततः बातचीत की मेज पर ही होता है, लेकिन तब तक उसकी कीमत हजारों जानें, आर्थिक तबाही और वर्षों की अस्थिरता के रूप में चुकानी पड़ती है। महाशक्तियों की जिम्मेदारी केवल अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाना और दिखाना नहीं, बल्कि वैश्विक शांति बनाए रखना भी है। युद्ध की भाषा अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दे सकती है, किंतु स्थायी समाधान केवल कूटनीति, विश्वास निर्माण और संवाद से ही संभव है। वर्तमान परिस्थितियों में यही वह रास्ता है, जो अमेरिका, ईरान और पूरी दुनिया को एक बड़े संकट से बचा सकता है।

**डॉ हिदायत अहमद खान**

## राज काज

### शरद पवार का सक्सेसर कौन ?

एनसीपी के दोनों गुटों में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को अपना सक्सेसर बनाना चाहते थे। जिससे नाराज होकर प्रफुल्ल पटेल ने भतीजे अजित पवार का हाथ थामा था। चाचा भतीजे की लड़ाई कराई थी। अब अजीत पवार ऊपर चले गए हैं। उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार, एनसीपी अजीत पवार गुट की सक्सेसर बन रही हैं? ऐसी स्थिति में एक बार फिर प्रफुल्ल पटेल ने खेल खेलना शुरू कर दिया है। एनसीपी के शरद पवार ने हाल ही में एकनाथ शिंदे से मुलाकात की है। जिसके कारण अब यह लड़ाई खुलकर सामने आ गई है। सक्सेसर की यह लड़ाई कब तक चलेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता है।

### भाजपा की शह पर बनी गोवा कांग्रेस पार्टी

गोवा में कुछ महीने पश्चात विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव से ठीक पहले गोवा कांग्रेस पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन हुआ है। खबर है, इस पार्टी का गठन भाजपा की शह पर हुआ है। इस पार्टी के गठन से कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। कांग्रेस को चिंता करने की जरूरत नहीं है? भारत में इस समय जितने भी राजनीतिक दल हैं। सभी में भाजपा का अंश है। भाजपा जो चाहती है, वही राजनीतिक दलों के नेता करते हैं। किसी भी दल में इतनी ताकत नहीं है। वह भाजपा का विरोध करे, यदि विरोध करेगा,तो खुद खत्म हो जाएगा। हर राज्य में यही तो हो रहा है।

### ई 20 की दम पर केजरीवाल बनेंगे प्रधानमंत्री

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों ई-20 के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। वह अच्छी तरह से जानते हैं। गरीब हो,मध्यम वर्ग हो, या अमीर हों,सभी को ई 20 का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वोट सबसे ज्यादा गरीब देते हैं। करोड़ों गरीब मोटरसाइकिल और स्कूटर में पेट्रोल भरवाते हैं। पंजाब में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी पर इस समय शनि-राहु-केतु की दशा है। केजरीवाल को लगता है, इस राजनीति के सहारे वह भाजपा के पर्याय बन जाएंगे। इसलिए उन्होंने अपने आप को गारंटी के साथ सनातनी बताना शुरू कर दिया है। अब ई 20 पेट्रोल के खिलाफ लड़ रहे हैं। बजरंगबली के भक्त हैं। पक्के सनातनी भी बन गए हैं। अयोध्या के राम मंदिर में भी होकर आ गए हैं। अब उन्हें प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता है। इसका उन्हें विश्वास है। राहुल गांधी चिल्लाते रहते हैं।

# साझा भविष्य की सबसे मजबूत नींव है युवा कौशल क्रांति



योगेश कुमार गोयल

तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तथा स्थानीय व वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रासंगिक अन्य कौशलों के विकास के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 15 जुलाई को 'विश्व युवा कौशल दिवस' मनाया जाता है। चूंकि यह दिन विश्वभर के युवाओं को रोजगार, काम और एंटरप्रेन्योर बनने के लिए जरूरी स्किल्स से लैस बनाने के लिए समर्पित है, इसीलिए यह दिवस मनाए जाने का काफी महत्व है। दरअसल पूरी दुनिया आज कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें से कई चुनौतियां खासकर युवा वर्ग को बहुत प्रभावित करती हैं। यह दिवस युवाओं और 'तकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण' (टीवीईटी) संस्थानों, फर्मों, नियोक्ताओं, श्रमिक संगठनों, नीति निर्माताओं तथा विकास भागीदारों के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह दिन लैंगिक असमानता को समाप्त करने तथा कमजोर लोगों तक संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित करने को बढ़ावा देने के लिए भी खास माना जाता है।

विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक पूरी दुनिया में 200 मिलियन से भी ज्यादा युवा या तो बेरोजगार हैं या उनके पास नौकरी तो है लेकिन वे गरीबी में जी रहे हैं। केवल 1997 और 2017 के बीच ही युवा आबादी में 139 मिलियन की वृद्धि हुई, वहीं युवा श्रम बल में 58.7 मिलियन की कमी आई। कोरोना काल के बाद तो युवा श्रम बल को लेकर स्थिति काफी बदतर हुई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार उभरती और विकासशील

## विश्व युवा कौशल दिवस पर विशेष



अर्थव्यवस्थाओं में पांच में से दो युवा श्रमिक प्रतिदिन 3.1 अमेरिकी डॉलर से भी कम पर जीवनयापन करते हैं और वैश्विक स्तर पर 4 में से 3 युवा कर्मचारी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कार्यरत हैं, जो सभ्य काम नहीं है। वैश्विक स्तर पर अधिकांश युवा अभी भी स्थिर या संतोषजनक नौकरी पाने के लिए औसतन 13.8 महीने तक प्रतीक्षा करते हैं, जो शिक्षा से नौकरी में एक कठिन संक्रमण को दर्शाता है। चूंकि पूरी दुनिया में युवा बेरोजगारों बहुत बड़ी फौज है, इसलिए उनके लिए आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन करने के कौशल से लैस होना और भविष्य में होने वाली बाधाओं को झेलने के लिए लचीलापन होना आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती युवा बेरोजगारी आज की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों के सामने विकसित और विकासशील देशों के लिए सबसे बड़ी समस्या है। इसीलिए विश्व युवा कौशल दिवस का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी और अल्प-रोजगार की चुनौतियों के संदर्भ में आज के युवाओं के लिए बेहतर सामाजिक-आर्थिक स्थिति प्राप्त करना है।

युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के रणनीतिक महत्व को स्वीकार करने और साथ ही वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने तथा सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जुलाई 2014 को विश्व युवा कौशल दिवस मनाने की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस 15 जुलाई को एक खास विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस दिवस के लिए 'साझा भविष्य के लिए कौशल' विषय निर्धारित किया गया है, जो इस विचार को रेखांकित करता है कि भविष्य केवल तकनीकी दक्षता से नहीं बल्कि ऐसे संतुलित कौशलों से निर्मित होगा, जिनमें डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित तकनीक, सामाजिक-भावनात्मक समझ, सहयोग, नवाचार और जिम्मेदार नागरिकता का समावेश हो। भारत में 2015 में इसी दिन यानी 15 जुलाई को ही कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' (पीएमकेवीवाई) की शुरूआत की गई थी। इसके तहत युवाओं को मुफ्त में लघु अवधि का औद्योगिक कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे रोजगार प्राप्त कर सकें। 14 से 35 वर्ष के युवा इस मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए तीन महीने, छह महीने या एक वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है। कोर्स पूरा करने के पश्चात प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो देशभर में मान्य है और इस कौशल प्रमाणपत्र के आधार पर आसानी से रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

# अमेरिका-ईरान टकराव और विश्व शांति की नई चुनौती

**ललित गर्ग**

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे तनाव के बाद बड़ी कठिनाई से बना संघर्ष विराम अपनी निर्धारित अवधि पूरी करने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ताजा हमलों और उसके जवाब में अमेरिका की भीषण बमबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को युद्ध की आशंकाओं के बीच खड़ा कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानवीय मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है। जिस समय विश्व को महामारी, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी समस्याओं से मिलकर लड़ना चाहिए, उस समय महाशक्तियों का युद्धोन्माद पूरी मानवता को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न विवाद ने इस संघर्ष को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो केवल तेल की कीमतें ही नहीं बढ़ेंगी, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति श्रृंखलाएं टूटेंगी और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित होगी। युद्ध की आग कभी सीमाओं में नहीं रहती, उसकी तपिश अंततः पूरी दुनिया को झुलसाती है।

इस संघर्ष का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इसमें निर्दोष नागरिकों, नाविकों और आम जनजीवन को सबसे अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। हाल के घटनाक्रम में भारतीय नाविकों के प्रभावित होने और भारत के सहयोग से विकसित रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह परियोजना को नुकसान पहुंचने से यह स्पष्ट हो गया है कि युद्ध किसी एक देश तक सीमित नहीं रहता। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक विश्वास-तीनों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अमेरिका स्वयं को लोकतंत्र और विश्व व्यवस्था का संरक्षक बताता है, लेकिन उसकी विदेश नीति लंबे समय से प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और शक्ति प्रदर्शन पर आधारित रही है। किसी भी राष्ट्र को झुकाने के लिए आर्थिक प्रतिबंध, सैन्य हमले और राजनीतिक दबाव स्थायी समाधान नहीं हो सकते। महाशक्ति होने का अर्थ केवल सैन्य सामर्थ्य नहीं, बल्कि संयम, दूरदृष्टि और विश्व समुदाय के प्रति नैतिक उत्तरदायित्व भी है। यदि शक्ति विवेक से संचालित न हो तो वही शक्ति विनाश का कारण बन जाती है। दूसरी ओर ईरान को भी यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को अपने रणनीतिक हितों के लिए बंधक बनाना न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही वैश्विक विश्वास के अनुकूल। किसी भी देश की सुरक्षा तब तक स्थायी नहीं हो सकती जब तक वह पड़ोसी देशों और विश्व समुदाय के साथ सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण निर्मित न करे। भय और प्रतिशोध पर आधारित सुरक्षा व्यवस्था अंततः स्वयं को ही असुरक्षित बना देती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ने इस पूरे संकट को और अधिक अनिश्चित बनाया है।

एक ओर वे कठोर सैन्य कार्रवाई करते हैं, दूसरी ओर वार्ता और समझौते की बातें करते हैं। इस प्रकार के विरोधाभासी संदेश न केवल कूटनीतिक विश्वास को कमजोर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा करते हैं। महाशक्तियों के नेताओं के प्रत्येक वक्तव्य का प्रभाव केवल उनके देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था, निवेश, ऊर्जा बाजार और करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए नेतृत्व में धैर्य, स्थिरता और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है।

## सुविचार

इच्छाओं के सामने आते ही सभी प्रतिज्ञाएं ताक पर धरी रह जाती हैं।

- अज्ञात

जो आदमी सच्चा कलाकार है, वह स्वार्थमय जीवन का प्रेमी हो ही नहीं सकता।

- प्रेमचंद

## प्रसंगत

### सही चुनाव

एक राजा को अपने दरबार के किसी उत्तरदायित्वपूर्ण पद के लिए योग्य और विश्वसनीय व्यक्ति की तलाश थी। उसने अपने आस-पास के युवकों को परखना शुरू किया। लेकिन वह किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँच पाया। तभी एक महात्मा का पदार्पण हुआ, जो इसी तरह यदा-कदा अतिथि बनकर सम्मानित हुआ करते थे। युवा राजा ने वयोवृद्ध संन्यासी के सम्मुख अपने मन की बात प्रकट की - 'मैं तय नहीं कर पा रहा हूँ। अनेक लोगों पर मैंने विचार किया। अब मेरी दृष्टि में दो हैं, इन्हीं दोनों में से एक को रखना चाहता हूँ।' 'कौन हैं ये दोनों?' 'एक तो राज परिवार से ही संबंधित हैं, पर दूसरा बाहर का है। उसका पिता पहले हमारा सेवक हुआ करता था, उसका देहांत हो गया है। उसका यह बेटा पढ़ा-लिखा सुयोग्य है।' 'और राज परिवार से संबंधित युवक ? उसकी योग्यता 'मामूली है।' 'आपका मन किसके पक्ष में है?' 'मेरे मन में द्वंद्व है, स्वामी!' 'किस बात को लेकर?' 'राज परिवार का रिश्तेदार कम योग्य होने पर भी अपना है, और...' 'राजन! रोग शरीर में उपजता है तो वह भी अपना ही होता है, पर उसका उपचार जंगलों और पहाड़ों पर उगने वाली जड़ी-बूटियों से किया जाता है। ये चीजें अपनी नहीं होकर भी हितकर होती हैं।'

## जरा हटके

# परमाणु कचरे के रिसाव के खतरे से दुनिया भर में चिता

**मार्शल द्वीप समूह** । दशकों पहले अमेरिकी परमाणु परीक्षणों के बाद रेडियोधर्मी कचरे को सुरक्षित रखने के लिए निर्मित प्रशांत महासागर में स्थित मार्शल द्वीप समूह के रुनिट डोम को लेकर दुनिया भर में जताई चिंता जताई जा रही है। वैज्ञानिक समुदाय इस विशाल कंक्रीट गुंबद में बढ़ती दरारों और समुद्र के बढ़ते जलस्तर के कारण संभावित रिसाव को लेकर लगातार गंभीर चेतावनियाँ जारी कर रहा है। विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि यदि इस समस्या को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया गया और आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो इसका गंभीर और दीर्घकालिक असर न केवल समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ेगा, बल्कि स्थानीय आबादी के स्वास्थ्य और आजीविका पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल सकता है। रुनिट डोम मार्शल द्वीप समूह के रुनिट द्वीप पर स्थित एक विशाल कंक्रीट संरचना है, जो परमाणु युग की एक दुखद विरासत है।

वर्ष 1946 से 1958 के बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस क्षेत्र में कुल 67 परमाणु परीक्षण किए थे, जिनमें से कई बेहद शक्तिशाली थे। इन भयावह परीक्षणों के परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी मिट्टी, दूषित मलबा और अन्य प्रदूषित सामग्री उत्पन्न हुई। इस रेडियोधर्मी कचरे को एकत्र कर एक विशाल गड्ढे में भरा गया, जो स्वयं एक परमाणु विस्फोट के कारण बना था। इस गड्ढे को फिर लगभग 45 सेंटीमीटर मोटी कंक्रीट की एक परत से ढककर एक गुंबद का रूप दे दिया गया ताकि कचरा सुरक्षित रहे। हालांकि, विशेषज्ञ लंबे समय से इस ओर ध्यान दिलाते रहे हैं कि इस संरचना के निचले हिस्से में कोई विशेष सुरक्षा लाइनर नहीं लगाया गया था। इस गंभीर चूक का अर्थ यह था कि समुद्री जल का संपर्क गुंबद के निचले भाग से पूरी तरह से रोका नहीं जा सका।

हाल के वर्षों में, जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके साथ ही तेज लहरें और प्राकृतिक क्षरण भी इस कमजोर ढांचे को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में गुंबद की सतह पर स्पष्ट रूप से दरारें दिखाई देने की बात कही गई है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन दरारों के कारण रेडियोधर्मी पदार्थों के सीमित मात्रा में रिसाव की आशंका बढ़ गई है, जिसकी लगातार और गहन निगरानी की नितांत आवश्यकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्थानीय समुद्री क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आजीविका मुख्य रूप से मछली पकड़ने और समुद्री संसाधनों पर निर्भर करती है।

## फोटो ऑफ द डे



यमन की राजधनी सना के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सऊदी अरब के मिसाइल हमले से उठता हुआ धूआं। ये हमले आतंकी संगठन हूतियों पर किये गये हैं।

## व्यंग

# हाहाकार

**नरेंद्र कोहली**

वे हिंदी की प्रसिद्ध लेखिका हैं। पिछले दिनों एक शिष्टमंडल ले कर प्रधान मंत्री से मिली थीं और हिंदी के लिए ही नहीं, उसकी बोलियों के लिए भी, कुछ करने का आग्रह और अनुरोध कर के आई थीं।आज गोष्ठी की अध्यक्षता वे ही कर रही थीं। हिंदी के भविष्य को ले कर वे आज भी बहुत चिंतित थीं। उन के भाषण का मूल विचार ही यही था। अगली पीढ़ी यदि हिंदी का बहिष्कार कर देगी तो हिंदी कैसे बचेगी। हमारे साहित्य का भविष्य क्या होगा? पुस्तकें बिकेंगी नहीं। पत्रिकाएँ कोई ख़रीदेगा नहीं। अंततः दुखी हो कर वे बड़े आवेश में बोलीं, ''मेरे तो अपने बच्चे ही हिंदी की कोई पुस्तक पढ़ने को तैयार नहीं हैं।''वे मंच से उतर कर नीचे आईं और चाय की मेज़ की ओर चलीं तो रामलुभाया भी उनके साथ हो लिया। ''आपने अपने बच्चों को किस अवस्था में पाठशाला भेज दिया था?'' रामलुभाया ने पूछा। उन्होंने वक्र दृष्टि से रामलुभाया की ओर देखा, ''पाठशाला में पढ़ें तुम्हारे बच्चे। मेरे बच्चे क्यों पाठशाला में पढ़ेंगे। वे तो पब्लिक स्कूल में पढ़े हैं।'' ''चलिए आप उन्हें पब्लिक स्कूल कह कर प्रसन्न हैं तो वही सही।'' रामलुभाया बहुत धैर्य से बोला। पर हैं तो वे भी पाठशालाएँ ही। तो आपने किस अवस्था में अपने बच्चे को उस पब्लिक स्कूल में भेज दिया था?''लेखिका का मन बहुत ख़राब हो चुका था। पाठशाला में पढ़ने के नाम से वे स्वयं को बहुत अपमानित अनुभव कर रही थीं। मन नहीं था कि रामलुभाया की शक्ल भी देखें। फिर भी सोचा कि शालीनता का पल्ला नहीं छोड़ना चाहिए। ''तीन वर्ष की अवस्था में सभ्य घरों के बच्चे अपने स्कूल जाने लगते हैं।''''स्कूल में तो बच्चे अंग्रेज़ी में ही सब कुछ पढ़ते होंगे?'' ''और क्या संस्कृत में पढ़ेंगे।'' उनका मुँह घृणा से कड़वा गया। ''मेरा तात्पर्य है कि आप उनको स्कूल भेजने से कुछ पहले ही से अंग्रेज़ी पढ़ा रही होंगी।'' ''तो क्या बिना पढ़ाए ही अंग्रेज़ी आ जाती उनको?'' हिंदी की लेखिका रुष्ट थीं। ''तो आप के बच्चे ढाई वर्ष की अवस्था से अंग्रेज़ी पढ़ रहे हैं?'' ''और नहीं तो क्या।'' लेखिका ने गर्व से रामलुभाया की ओर देखा। रामलुभाया मुस्कराया, ''आप अपने बच्चों को उनके शैशव से अंग्रेज़ी पढ़ाएँगी तो बड़े हो कर वे हिंदी की पुस्तकें किसी दैवी प्रेरणा से पढ़ेंगे देवी जी?''

''क्या मतलब?'' वे चिढ़ कर बोलीं। ''आपने कभी उनके हाथ में हिंदी की पुस्तक नहीं दी। शायद कभी उनसे हिंदी में बातचीत भी नहीं की। तो उनकी अंग्रेज़ी भक्ति का पापी कौन है?'' रामलुभाया उनकी ओर देख रहा था। लेखिका रामलुभाया को छोड़ कर मेरे पास आ गईं, ''यह कौन बदतमीज़ी है?'' ''रामलुभाया है।'' मैंने बताया, ''वह भी हिंदी के लिए चिंतित रहता है।'' ''खाक चिंतित रहता है। मेरे बच्चों का कैरियर तबाह करना चाहता है।

## चिंतन-मनन

### व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

बदलाव का क्रम निरंतर चलता है। जैन दर्शन इस क्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था। प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है। यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है।कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है।वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है।इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है।लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है।पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है। व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व।व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है।

## स्वास्थ्य

# कम मात्रा में शराब पीने वालों में भी रक्तचाप में हल्की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली** । रोजाना सिर्फ एक शराब की ड्रिंक का सेवन भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है। ये दोनों कारक आगे चलकर हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। ये चौंकाने वाला खुलासा हुआ है नए शोध में। ताजा अध्ययन में संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के 19,548 से अधिक लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं ने इन व्यक्तियों के स्वास्थ्य को कई वर्षों तक बारीकी से ट्रैक किया, ताकि शराब के सेवन और रक्तचाप में वृद्धि के बीच के जटिल संबंध को समझा जा सके। अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों में यह सामने आया कि शराब की मात्रा और सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर (जो दिल द्वारा शरीर में रक्त पंप करने के दबाव को मापता है) के बीच एक सीधा और स्पष्ट संबंध है। इसका अर्थ यह है कि जैसे-जैसे व्यक्ति द्वारा रोजाना शराब का सेवन बढ़ता है, वैसे-वैसे उसका सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर भी बढ़ता जाता है। अध्ययन में यह भी विशेष रूप से उजागर किया गया कि कम मात्रा में शराब पीने वाले लोगों में भी रक्तचाप में हल्की लेकिन लगातार वृद्धि दर्ज की गई। यह इंगित करता है कि भले ही शुरुआती स्तर पर ये बदलाव बहुत छोटे और महत्वहीन लगें, लेकिन लंबे समय में यह हृदय और रक्त वाहिकाओं पर लगातार दबाव बढ़ा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अन्य हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त, शोधकर्ताओं ने पुरुषों में डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर (जो दिल की धड़कनों के बीच रक्त वाहिकाओं में दबाव को मापता है) में भी वृद्धि देखी, हालांकि महिलाओं में यह प्रभाव उतना स्पष्ट नहीं था, जैसा कि मिरर की रिपोर्ट में भी सामने आया।

# आईआरजीसी ने कुवैत, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर किए जवाबी हमले

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने कुवैत, बहरीन और जॉर्डन में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमलों की नई शृंखला शुरू की है। आईआरजीसी के अनुसार, ये हमले उसके %ऑपरेशन नस्र-2% के चौथे, पांचवें और छठे चरण का हिस्सा हैं और इन्हें ईरानी क्षेत्र पर कथित अमेरिकी हमलों के जवाब में अंजाम दिया गया।

आईआरजीसी ने अलग-अलग बयानों में कहा कि ऑपरेशन के चौथे चरण में कुवैत के मीना अब्दुल्ला स्थित अमेरिकी लॉजिस्टिक्स एवं सपोर्ट सेंटर ५केजीएन५ को निशाना बनाया गया, जिससे वहां भारी नुकसान हुआ।

पांचवें चरण में आईआरजीसी ने दावा किया कि बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, सैन्य उपकरणों के गोदाम और ईंधन डिपो पर हमला किया गया। संगठन का कहना है कि इन ठिकानों को भी गंभीर क्षति पहुंची।

छठे चरण में, आईआरजीसी का दावा है कि जॉर्डन के अल-अज़राक स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने हमला किया। बयान



में दावा किया गया कि इस कार्रवाई में अमेरिकी एफ-15, एफ-16 और एफ-35 लड़ाकू विमानों के शेल्टर तथा कई एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया गया और उन्हें नष्ट कर दिया गया।

आईआरजीसी ने अमेरिका पर ईरान के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों पर क्रूज मिसाइलों और हवाई बमों से हमले करने का आरोप लगाया। संगठन ने कहा कि उसकी जवाबी सैन्य कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपनी कथित आक्रामक गतिविधियां बंद नहीं करता।

संगठन ने यह भी दोहराया कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा और चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र में तनाव जारी रहा तो तेल और गैस निर्यात के अन्य मार्ग भी प्रभावित हो सकते हैं।

## नेपाल में सत्तारूढ़ दल के प्रमुख सचेतक ने संसद में किया सरकार का विरोध

**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (आरएसपी) के मुख्य सचेतक प्रकाशचन्द्र परियार ने संसद में अपनी ही पार्टी के सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया है। मीडिया संस्थानों के प्रवेश द्वार पर वाहन खड़ा कर आवाजाही बाधित किए जाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने सरकार की जमकर आलोचना की। प्रतिनिधि सभा की बैठक में परियार ने कहा कि केवल सत्ता में होने या किसी के स्वार्थ टकराने के कारण प्रेस पर किसी भी प्रकार का दबाव, भय या अराजकता स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए स्वतंत्र प्रेस की सुरक्षा करना सरकार की प्रमुख जिम्मेदारी है जिसमें सरकार खासकर गृहमंत्री असफल हुए हैं।




डरबन में हजारों श्रद्धालुओं ने 27 बार किया हनुमान चालीसा पाठ, मोदी ने दी शुभकामनाएं।

# ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी शुरू, 20 से ज्यादा युद्धपोत और सैकड़ों सैन्य विमान मोर्चे पर, खाड़ी देशों पर हमला

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी शुरू कर दी है। 20 ज्यादा युद्धपोतों और सैकड़ों सैन्य विमानों से ईरानी बंदरगाहों और तटीय इलाकों से गुजरने वालों जहाजों की सख्त निगरानी की जा रही है। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने स्थानीय समयानुसार मंगलवार को एक्स पोस्ट में यह घोषणा की। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 20 प्रतिशत टैरिफ के अपने फैसले को पलट दिया है। अमेरिका ने ईरान पर लगातार चौथी रात हमले किए हैं। ईरान का कहना है कि उसने कुवैत, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों के साथ-साथ होर्मुज जलडमरूमध्य में दो बड़े तेल टैंकरों पर भी हमले किए।

जल मार्ग पर जोखिम: अल जजीरा और सीबीएस न्यूज के अनुसार, अमेरिका ने मंगलवार दोपहर ईरानी बंदरगाहों पर फिर से नाकाबंदी शुरू कर दी। शिपिंग इंडस्ट्री के भारी विरोध के बाद राष्ट्रपति ट्रंप



ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कार्गो पर 20 प्रतिशत टोल लगाने की योजना को रद्द कर दिया है। इसकी जगह खाड़ी देशों के साथ व्यापार और निवेश समझौते करने का फैसला किया। ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य के इस्तेमाल के लिए अपना टोल वसूलने की संभावना से इनकार नहीं किया है और बिना इजाजत इस जल मार्ग से गुजरने वाले जहाजों को धमकी भी दी है। ताजा जंग से पिछले दो दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।

फिर हमला: सेंटकॉम ने कहा है कि इस समय मध्य पूर्व में अमेरिकी नौसेना के 20 से ज्यादा युद्धपोत और सैकड़ों सैन्य विमान तैनात हैं। सेंटकॉम ने कहा कि नाकाबंदी शाम चार बजे (पूर्वी समय) फिर से लागू की गई। इस दौरान अमेरिकी सेना ने ईरानी क्षमताओं को कम करने के लिए अभियान जारी रखा। इससे पहले, सेंटकॉम ने घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ एक और दौर के हमले शुरू किए हैं। सेंटकॉम ने एक अलग पोस्ट में कहा, आज दोपहर 3 बजे (पूर्वी समय) अमेरिकी सेनाओं ने ईरान के खिलाफ हमले शुरू किए।

वाशिंगटन-तेहरान के बीच तनाव बढ़ा: अमेरिकी सेना ने इन हमलों में शामिल जगहों या लक्ष्यों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। यह घटनाक्रम समुद्री सुरक्षा और होर्मुज जलडमरूमध्य (वैश्विक ऊर्जा परिवहन का महत्वपूर्ण मार्ग है) में कमर्शियल जहाजों पर हमलों को लेकर वाशिंगटन और तेहरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है।

## नेपाल में मानसून का व्यापक असर, कई प्रांतों में भारी बारिश का अलर्ट

**काठमांडू।** नेपाल में मानसून का प्रभाव पूरे देश में बना हुआ है। जल तथा मौसम विज्ञान विभाग ने कई प्रांतों में भारी वर्षा की संभावना जताते हुए सतर्क रहने की अपील की है। विभाग के मौसम पूर्वानुमान महाशाखा के अनुसार मानसूनी निम्न दाब रेखा इस समय नेपाल के तराई क्षेत्र के पास अपनी औसत स्थिति से थोड़ा उत्तर की ओर स्थित है। देशभर में सामान्यतः बादल छाए हुए हैं तथा कोशी, बागमती, गंडकी और लुम्बिनी प्रांत के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ कर्णाली प्रांत के कुछ इलाकों में मध्यम वर्षा हो रही है।

महाशाखा ने देशभर में सामान्य से पूर्णतः बादल छाए रहने का अनुमान व्यक्त किया है। पहाड़ी और तराई क्षेत्रों के कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। कोशी, बागमती, गंडकी और लुम्बिनी प्रांत के पहाड़ी जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। मधेश, बागमती, गंडकी और लुम्बिनी प्रांत के तराई क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर भी भारी बारिश की संभावना है।

कोशी, बागमती और गंडकी प्रांत के उच्च हिमाली क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा के साथ हिमपात भी हो सकता है। इसी प्रकार लुम्बिनी, कर्णाली और सुदूरपश्चिम प्रांत के कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी ऐसे ही मौसम रहने का अनुमान है। कई पहाड़ी और तराई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। विशेष रूप से कोशी प्रांत के कुछ स्थानों तथा कोशी और लुम्बिनी प्रांत के तराई क्षेत्रों के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है।

जल तथा मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि भारी वर्षा के कारण अचानक बाढ़, नदी में जलस्तर बढ़ने, भूस्खलन और मिट्टी कटाव जैसी घटनाएं हो सकती हैं।

## अमेरिकी नाकाबंदी से ईरान में खलबली, डार्क फ्लीट को किया सक्रिय

**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य के ईरानी बंदरगाहों पर फिर से की गई अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी से समूची खाड़ी में हलचल तेज हो गई है। इससे ईरान में खलबली मची हुई है। उसने अपने तेल व्यापार को बचाने के लिए %डार्क फ्लीट% को सक्रिय कर दिया है। %डार्क फ्लीट% में शामिल जहाज रडार तक को चकमा देने में सक्षम होते हैं। ईरान में नाकाबंदी और ताजा हमलों के बाद अमेरिका के सहयोगी देशों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

गल्फ न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट में शिपिंग ट्रैकर्स के हवाले से दावा किया गया है कि अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी फिर से लागू होने के साथ ईरान का %डार्क फ्लीट% सक्रिय हो गया है। नाकाबंदी लागू होने से कुछ घंटे पहले ईरान ने ऐसे जहाजों को तैनात किया है।




अक्षर के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया, सीरीज में बनाई बढ़त।

# भारत की हॉकी विश्व कप की तैयारियां अंतिम चरण में, एक महीने का बचा समय

**नई दिल्ली।** हॉकी विश्व कप 2026 के शुरू होने में अब सिर्फ एक महीना बचा है। ऐसे में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने अपनी तैयारियों को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। दोनों टीमें बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत करके विश्व कप में दमदार प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ अंतिम तैयारियों में जुटी हुई हैं।

बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहली बार पुरुष और महिला विश्व कप का आयोजन एक साथ एक ही स्थानों पर किया जाएगा।

भारतीय पुरुष टीम हाल ही में एफआईएच प्रो लीग के रॉटरडैम और लंदन चरण में शानदार प्रदर्शन




के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व कप में उतरने जा रही है। टीम ने मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों को हराया, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ भी दमदार प्रदर्शन किया।

भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने बुधवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ५यूरोप दौरे के बाद खिलाड़ियों ने थोड़ा आराम किया था और अब वे पूरी ऊर्जा के साथ शिविर में लौटे हैं। शुरुआती दिनों में हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों की फिटनेस वापस लाना और टीम की लय कायम करना था। अब धीरे-धीरे अभ्यास की तीव्रता बढ़ाई जा रही है ताकि विश्व कप के लिए टीम पूरी तरह तैयार हो सके।

उन्होंने आगे कहा, सप्ताह की शुरुआत में हम खिलाड़ियों की फिटनेस पर ज्यादा काम कर रहे हैं। इसके बाद रणनीति, छोटी टीमों में मुकाबले, वीडियो विश्लेषण और प्रेसिंग व काउंटर अटैक जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य अपनी मजबूतियों को और बेहतर बनाना है।

भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला होगा।

## स्पेन से हार के बाद टूटे एमबाप्पे ने कहा, हमने विश्वकप सेमीफाइनल जैसा खेल नहीं खेला

**आर्लिंग्टन।** फीफा विश्वकप 2026 के सेमीफाइनल में स्पेन से 0-2 की हार के बाद फ्रांस के कप्तान किलियन एमबाप्पे ने कहा कि उनकी टीम ने वैसा प्रदर्शन ही नहीं किया, जैसा विश्वकप के सेमीफाइनल में होना चाहिए था। उन्होंने माना कि फ्रांस रणनीति, तकनीकी और समग्र प्रदर्शन के स्तर पर स्पेन से काफी पीछे रहा।

पूरे टूर्नामेंट में आठ गोल कर शानदार फॉर्म में रहे एमबाप्पे अपनी टीम को लगातार तीसरे विश्वकप फाइनल में नहीं पहुंचा सके। स्पेन ने एटीएंडटी स्टेडियम में फ्रांस को हराकर उसका खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया।

मैच के बाद एमबाप्पे ने फ्रेंच ब्रॉडकास्टर एम6 से कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने वैसा मैच खेला, जैसा हम खेलना चाहते थे। चाहे रणनीति की बात हो, तकनीकी स्तर की या हमारे पूरे प्रदर्शन की, हम हर मोर्चे पर पीछे रहे। उन्होंने कहा, जब आप विश्वकप के सेमीफाइनल में वह नहीं करते, जो करना चाहिए तो आप जीत नहीं सकते।

एमबाप्पे ने बताया कि फ्रांस की योजना स्पेन पर आगे से दबाव बनाकर उसे अपने खेल की लय में आने से रोकने की थी। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य था कि हम स्पेन पर आगे से दबाव बनाएं ताकि वह अपने धीमे और नियंत्रित खेल में न आ सके। क्योंकि खेल को नियंत्रित करने में वे हमसे बेहतर हैं लेकिन हम इसमें पूरी तरह असफल रहे।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का ब्रिटेन दौरा पूरा, एशिया कप से पहले मिला बड़ा अनुभव

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप 2026 की तैयारियों के तहत अपना सफल ब्रिटेन दौरा समाप्त कर लिया है। टीम ने इस दौरे में स्कॉटलैंड सीनियर महिला टीम, अमेरिका अंडर-21, इंग्लैंड अंडर-21 और बेल्जियम अंडर-21 के खिलाफ कुल सात मुकाबले खेले। इस दौरे ने युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान किया।

भारतीय टीम ने सात मैचों में तीन जीत दर्ज कीं, तीन मुकाबलों में हार का सामना किया, जबकि एक मैच शूटआउट में गंवाया। पूरे दौरे में टीम ने जुझारूपन, आक्रामक खेल और लगातार बेहतर प्रदर्शन का परिचय दिया। दौरे की शुरुआत एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से हुई। पहले मैच में भारत को 2-3 से हार मिली। भारत की ओर से सुखवीर कौर और काजल ने गोल किए, जबकि स्कॉटलैंड के लिए एमी कॉस्टेलो,



ज़ारा कैनेडी और हीदर मैकइवान ने गोल दागे। दूसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड ने भारत को 3-1 से हराया। भारत की ओर से शशि खासा ने एकमात्र गोल किया, जबकि स्कॉटलैंड के लिए ब्रोनविन शील्ड्स, ज़ारा कैनेडी और चार्लोट वॉटसन ने गोल किए। इसके बाद भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए अमेरिका अंडर-21 को 6-0 से करारी शिकस्त दी। सुखवीर कौर ने दो गोल किए, जबकि काजल, शशि खासा, पूर्णिमा यादव और पूजा साहू ने एक-एक गोल दागा। भारत ने अपनी लय बरकरार रखते हुए इंग्लैंड अंडर-21 को 2-0 से हराया। बिनिमा धन और रोशनी ऐंद ने भारत के लिए गोल किए। पांचवें मुकाबले में अमेरिका अंडर-21 के खिलाफ मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत के लिए पूजा साहू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, जबकि अमेरिका की रीस एनेट्सबर्गर ने पेनल्टी स्ट्रोक पर बराबरी दिलाई। इसके बाद शूटआउट में अमेरिका ने 3-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर से शशि खासा और गीता यादव ने शूटआउट में गोल किए। छठे मुकाबले में भारत ने एक बार फिर इंग्लैंड अंडर-21 का सामना करना पड़ा। बेल्जियम के लिए लुईस वान हेरेन्डेल और रोमानी वेरहेगे ने गोल किए, जबकि भारत की ओर से सुखवीर कौर ने अंतिम मिनटों में एक गोल किया। दौरे के समापन पर टीम की कप्तान शिलिमा चानू खैदेम ने बुधवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ५यह दौरा हम सभी के लिए शानदार सीख लेकर आया है। अलग-अलग शैली की मजबूत अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ खेलने से हमें हर मैच में खुद को बेहतर बनाने का मौका मिला।

## अर्जेंटीना पर हो रही आलोचना गलत, सेमीफाइनल तक पहुंचना हमारी ताकत का सबूत: कोच स्कालोनी



**अटलांटा।** फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ने से पहले अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर हो रही आलोचना को अनुचित बताया है।

स्कालोनी ने कहा है कि मौजूदा विश्व चैंपियन छह में छह मुकाबले जीतकर अंतिम चार में पहुंचा है और यह अपने आप में टीम की गुणवत्ता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

विश्व कप 2026 में लगातार छह जीत दर्ज करने के बावजूद अर्जेंटीना के प्रदर्शन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। टीम को राउंड ऑफ-32 में केप वर्डे और क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड के खिलाफ अतिरिक्त समय तक संघर्ष करना पड़ा, जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल में मिस्र के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करनी पड़ी।

हालांकि स्कालोनी ने इन आलोचनाओं को खारिज करते हुए प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, टीम उतना खराब नहीं खेल रही है, जितना लोग कह रहे हैं। अगर हम यहां तक पहुंचे हैं, तो जाहिर है हमने कुछ सही किया है।

स्कालोनी ने अपनी टीम की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, मैं अपने खिलाड़ियों का आभारी हूं। उन्होंने हमें तीन बड़े खिताब दिलाए हैं और अब एक और विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंचाया है। हम फाइनल से सिर्फ एक जीत दूर हैं और वहां पहुंचने के लिए अपना सबकुछ झोंक देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले के चार जनपद सीईओ बने उपायुक्त

**जिला पंचायत सीईओ ने दी बधाई**

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जिले में पदस्थ चार मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उपायुक्त (विकास) पद पर पदोन्नत किया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, रीठी के राजेश नरेंद्र सिंह, ढीमरखेड़ा के यजुवेंद्र कोरी तथा बड़वारा की प्रभा तेकाम को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से उपायुक्त विकास पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने चारों अधिकारियों को पदोन्नति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी पूर्व की तरह निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। सीईओ ने कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और शासन व जिला प्रशासन के निर्देशों का समयबद्ध पालन हो, इसके लिए सभी अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सख्ती, सड़कों पर उतरा परिवहन विभाग

**कटनी।** जिले में स्कूली बच्चों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया। कलेक्टर के निर्देश पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में कटनी जबलपुर एवं कटनी-निवार मार्ग पर स्कूल और यात्री बसों का सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान 12 स्कूल बसों और 15 यात्री बसों सहित कुल 27 बसों की जांच की गई। इस दौरान फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। साथ ही वाहनों में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान एक यात्री बस बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित पाई गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बस को तत्काल जप्त कर निवार चौकी में सुरक्षित रखा गया। संबंधित वाहन स्वामी के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने कहा कि बिना फिटनेस के वाहन सड़क पर चलाना कानून का उल्लंघन होने के साथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने सभी वाहन संचालकों से समय पर दस्तावेजों का नवीनीकरण कराने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे विशेष जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा कटनी



**कटनी।** भगवान श्रीजगन्नाथ रथ महोत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार को शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। जगन्नाथ चौक स्थित मंदिर से निकली भव्य वाहन रैली में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में 'जय जगन्नाथ' के जयघोष और भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। वाहन रैली का शुभारंभ जगन्नाथ मंदिर से हुआ। रैली जालपा वार्ड रोड, घंटाघर, गर्ग चौराहा, खिरहनी ओवरब्रिज लिंक रोड, बरही रोड, स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक और आजाद चौक से होते हुए पुनः जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रैली का स्वागत कर भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन किए और धर्मलाभ प्राप्त किया। जगन्नाथ ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि गुरुवार, 16 जुलाई को भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा पूरे धार्मिक उल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथ यात्रा से पूर्व भगवान को विशेष पोशाक अर्पित की जाएगी तथा 1100 दीपों से महाआरती कर महोत्सव का शुभारंभ होगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित रथ यात्रा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को भव्य एवं सफल बनाएं।

# शहर विकास पर कलेक्टर की पैनी नजर: मेगा प्रोजेक्ट्स का किया निरीक्षण

## एमएसडब्ल्यू प्लांट से लेकर ई-लाइब्रेरी और ट्रांसपोर्ट नगर तक विकास कार्यों का निरीक्षण कर, गुणवत्ता और समयसीमा पर पूर्ण करने दिया निर्देश

**कटनी।** शहर को स्वच्छ, आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन और संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों, ताकि नागरिकों को शीघ्र बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान निगमायुक्त तपस्या परिहार भी मौजूद रहीं। कलेक्टर श्री तिवारी ने अमीरगंज स्थित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एमएसडब्ल्यू) प्लांट, माधवनगर स्थित 7.5 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, कटाएघाट में अमृत 2.0 योजना के तहत विकसित की जा रही वाटर बॉडी रेजुवेनेशन परियोजना, अमकुही जल शोधन संयंत्र, के.सी.एस. स्कूल में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी तथा पुरैनी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया।

### ठोस अपशिष्ट पबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश

अमीरगंज स्थित एमएसडब्ल्यू प्लांट में कलेक्टर ने कंट्रोल रूम, आईटी आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम, कचरा संग्रहण वाहनों की ट्रैकिंग व्यवस्था तथा कचरा प्रसंस्करण प्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर से प्रतिदिन एकत्रित होने वाले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने और पुराने कचरे तथा आरडीएफ सामग्री के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। अतिरिक्त टिपिंग स्टेशन की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।



### एसटीपी को पूर्ण क्षमता से संचालित करें

माधवनगर स्थित 7.5 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने इसकी तकनीकी इकाइयों और ट्रायल रन की जानकारी ली। वर्तमान में लगभग 3 एमएलडी सीवरेज प्राप्त होने की जानकारी पर उन्होंने शेष घरों में सीवर कनेक्शन शीघ्र पूर्ण कर प्लांट को पूर्ण क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपचारित जल के उपयोग को पार्कों, हरित क्षेत्रों, औद्योगिक इकाइयों तथा रेलवे जैसी संस्थाओं तक विस्तारित करने के निर्देश दिए।

### कटाएघाट को आकर्षक पर्यटन स्थल के तौर पर करें विकसित

अमृत 2.0 योजना के तहत कटाएघाट में चल रहे वाटर बॉडी रेजुवेनेशन कार्य का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने पाथवे, पिचिंग, रेलिंग, घाट की सीढ़ियों, उद्यान और बैठने की व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त एनीकट निर्माण के संबंध में भी नगर निगम के अधिकारियों को हिदायत दी।

### किया पौधारोपण

अमकुही जल शोधन संयंत्र परिसर में कलेक्टर श्री तिवारी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत भिलमा का पौधा रोपित किया, जबकि नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जामुन का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया।

### जल्द शुरू होगी आधुनिक ई-लाइब्रेरी

के.सी.एस. स्कूल परिसर में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने भवन के विभिन्न तल, लाइटिंग, लिफ्ट, पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर इसे जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने विद्यालय में किए जा रहे उन्नयन कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने छात्रा कुमारी सोनम पटेल से संवाद किया और खूब मन लगाकर पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

### ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना को मिलेगी गति

पुरैनी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपलब्ध और आवंटित प्लॉटों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शेष प्लॉटों के आवंटन हेतु द्वितीय निविदा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने, पारदर्शी तरीके से प्लॉट आवंटन सुनिश्चित करने तथा इच्छुक ट्रांसपोर्टरों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित थोक कपड़ा व्यापारियों की सुविधा के लिए चिन्हित स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, आदेश जैन, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, मृदुल श्रीवास्तव, सुश्री मोना करेरा, शैलेन्द्र प्यासी, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# के पी अवस्थी व तिलक ग्रोवर के क्रेशर प्लांटों में प्रशासन ने जड़ा ताला

## लीज पर मिली जमीन पर नियम विरूद्ध चल रहा था प्लांट



**कटनी।** बरही के जाजागढ़ में संचालित के पी अवस्थी के साथ तिलक ग्रोवर के क्रेशर प्लांट में प्रशासन ने ताला जड़ दिया है। यह कार्रवाई शासकीय जमीन और सार्वजनिक रास्ता बाधित करने पर हुई है। मंगलवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने क्रशर प्लांटों में ताला जड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान बरही के तहसीलदार आदित्य द्विवेदी, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज इंस्पेक्टर कमलकांत परस्ते, टीआई अरविंद चौबे आदि मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीज किए गए क्रेशरों में एक तिलक राज ग्रोवर का है और दूसरा केपी अवस्थी का बताया जा रहा है। आरोप है कि शासकीय जमीन में संबंधितों को 'सब्सिडी पर आवंटित थी। नियमों के मुताबिक सब्सिडी पर्पज के तहत मिली सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर क्रेशर का संचालन नहीं किया जा सकता था। आम रास्ते, सार्वजनिक निस्तार की भूमि में प्लांट का संचालन होने का हवाला देकर कलेक्टर के निर्देश पर यह कार्यवाई की गई है।

### इनका कहना है

कलेक्टर के सख्त निर्देशों के पालन में यह कार्रवाई की गई है। नियमों का उल्लंघन कर शासकीय और सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर क्रेशर का संचालन किया जा रहा था, जिसे सीज कर दिया गया है।

**- आदित्य द्विवेदी, तहसीलदार, बरही**

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया स्लीमनाबाद टनल का निरीक्षण

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का लिया जायजा



**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी और एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार को स्लीमनाबाद टनल के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शुक्रवार, 17 जुलाई को प्रस्तावित स्लीमनाबाद प्रवास के मद्देनजर यहां की जाने वाली व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को हेलीपैड निर्माण सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थायें पूर्ण करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने सलैया फाटक अपस्ट्रीम पोर्टल पहुंचकर टनल के प्रवेश स्थल और टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के निकासी स्थल और स्लीमनाबाद में टनल बोरिंग मशीन के निकासी स्थल सॉफ्ट वेंटिलेशन का भी बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने इन सभी स्थानों पर चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने की अधिकारियों को हिदायत दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने पुलिस, राजस्व, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# स्कूलों में मरम्मत व संधारण कार्यों का महापौर सूरी ने लिया जायजा

## गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

## वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर दिया जोर

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शाला परिसर में पौधरोपण करने शिक्षकों का किया आह्वान, विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**कटनी।** नगर के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्षा ऋतु के दौरान सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर मरम्मत एवं संधारण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्हीं कार्यों की प्रगति का जायजा लेने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार 14 जुलाई को एमआईसी सदस्यों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने शासकीय एनकेजे स्कूल, केरिन लाइन शासकीय स्कूल, साधुराम उच्चतर माध्यमिक शाला तथा के.सी.एस. कन्या शाला पहुंचकर मरम्मत कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालयों की छत, भवन, शौचालय एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं चल रहे मरम्मत कार्यों के संबंध में जानकारी ली।साथ ही विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और शहर का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है।



उन्होंने शिक्षकों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शाला परिसर में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय हरियाली बढ़ाने का संकल्प लेकर पौधरोपण करे तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने विद्यार्थियों से भी पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर प्रकृति को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

### इन शासकीय विद्यालयों में चल रहे हैं मरम्मत एवं संधारण कार्य

नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में छत मरम्मत, बाथरूम मरम्मत, प्लास्टर, वॉटरप्रूफिंग एवं भवन सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर नवीन स्कूल भवन (फर्स्ट फ्लोर निर्माण), धंती बाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाइन, अमकुही स्कूल, नदी पार स्कूल, आधारकाप स्कूल, कुठला स्कूल, मंगल नगर स्कूल, बिलगांव स्कूल, छापरवाह प्राथमिक शाला, सीएलपी स्कूल, बंधवा टोला स्कूल, बरगवां स्कूल, पड़रवारा स्कूल, केरिन लाइन स्कूल तथा एनकेजे स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों का उद्देश्य वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।


**पश्चिम मध्य रेल**

**मण्डल कार्यालय भोपाल**

**सिग्नल एवं दूरसंचार शाखा**-0755-2470030

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। इस टेंडर के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्तााव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। **निविदा सूचना सं. एवं जारी दिनांक**- बीपीएल/एन/वर्क्स/2026-27/टेली/02 दिनांक 10/07/2026, **कार्य का नाम व स्थान**- प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी एट 21 नं. ऑफ नॉन इंटरलॉकिंग एलसी गेट्स एण्ड मोनिटिरिंग एट 13 नं. ऑफ कनेक्टेड स्टेशन एण्ड इंजीनिरिंग कंट्रोल ओवर भोपाल डिविजन। **कार्य की अनुमानित लागत (रू.)**- 1,56,59,971.24, **टेण्डर फॉर्म की कीमत (रू.) (नॉन रिफेंडवल)**- NIL, **बयाना राशि (रू.)**-3,13,200.00, **कार्य समाप्ति अवधि** -06 माह, **निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख एवं समय**- खुलने की तारीख 05/08/2026, जमा 15.00 बजे तक खुलने का समय 15.30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिंगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/ बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते है। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेंट गेटवे के द्वारा ऑन लाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत बयाना राशि आदि का भुगतान ऑन लाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है। **(हस्ता.)**

**कृते मंडल रेल प्रबंधक**

**(सिंगनल एवं दूरसंचार) भोपाल** 462024

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


# जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 14 वर्षीय किशोरी की मौत

## परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जागृति कॉलोनी निवासी आदित्य कुमार शुक्ला की 14 वर्षीय पुत्री स्नेहा शुक्ला के पेट में कल सुबह अचानक तेज दर्द उठा था। इसके बाद पिता आदित्य शुक्ला अपनी बेटी को लेकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों का कहना है कि अस्पताल लाते समय बच्ची की स्थिति सामान्य थी और वह अपने पैरों पर चलकर डॉक्टर के पास गई थी। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया और एक इंजेक्शन लगाया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगने के कुछ ही समय बाद स्नेहा की तबीयत बिगड़ने लगी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस और प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### परिजनों ने गलत इंजेक्शन देने का लगाया आरोप

मृतका के पिता आदित्य शुक्ला ने रोते हुए डॉक्टरों पर सीधा आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मेरी बच्ची चलते-फिरते हुए मेरे साथ जिला अस्पताल आई थी। उसे सिर्फ पेट में सामान्य दर्द था। अचानक उसकी मौत कैसे हो गई, यह हमारी समझ से परे है। उसे कोई गलत इंजेक्शन लगाया गया है, जिसके तुरंत बाद उसकी जान चली गई। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### जांच में जुटी पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।


# कार्यालय नगरपालिका निगम, कटनी

**क्रमांक/1048 / संपदा शाखा / 2026** **कटनी, दिनांक: 24/06/2026**

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका निगम, कटनी की आवासीय/व्यावसायिक भूखण्डों को नगरपालिका निगम, कटनी द्वारा हितग्राहियों को आवंटित किया गया है। उक्त भूखण्डों को फ्री-होल्ड करने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों सहित कक्ष क्रमांक 10 में कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

आवेदकों का विवरण निम्नानुसार है—

| क्र. | भूखण्ड स्वामी का नाम योजना | क्रमांक | भूखण्ड क्रमांक | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती मंजू पाठक, श्री संदीप पाठक, श्री कुलदीप पाठक / स्व. श्री प्रदीप पाठक | 14 | भूखण्ड क्रमांक 48 (माप 7.50 म 12 मीटर) | विश्राम बाबा, क्रमांक 44 |

**राजस्व अधिकारी**
**(संपदा शाखा)**
**नगरपालिका निगम, कटनी**

» न्यूज कैप्सूल »

## बोलेरो वाहन से 162 लीटर अवैध शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** थाना मड़ियादो पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम वर्धा की ओर से एक बोलेरो वाहन में अवैध शराब भरकर मड़ियादो की ओर लाई जा रही है। सूचना प्राप्त होते ही थाना मड़ियादो पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर मेन रोड तिंदनी तिगड्डा पर घेराबंदी की। कुछ ही देर बाद संदिग्ध बोलेरो वाहन क्रमांक ड्छ39-ब्-2154 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में तीन व्यक्ति सवार मिले। वाहन की तलाशी के दौरान पीछे की सीट एवं नीचे रखे 15 कार्टून बरामद हुए, जिनमें कुल 162 लीटर देशी मसाला शराब पाई गई। जब आरोपियों से उक्त शराब के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज एवं अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करने को कहा गया, तो वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा मौके पर लगभग 95,400 मूल्य की 162 लीटर देशी मसाला शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को विधिवत जब्त किया गया ।उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना मड़ियादो में अपराध क्रमांक 99/2026 अंतर्गत धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी आशाराम पटैल, बृजेश पटैल, केतार वर्मन तीनो निवासी ग्राम कोल करहिया, थाना सिमरिया, जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. प्रीती पाण्डेय, उनि सरदार सिंह, प्रआर रनमत सिंह, आर विमलेश, आर. धर्मेन्द्र, आर. नरेन्द्र, आर भरत कुर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## जेन जेड साइक्लोट्रॉन युवा स्वाभिमान यात्रा के समर्थन में एनएसयूआई ने निकाली सांकेतिक साइकिल यात्रा

**दमोह।** देश के युवाओं के भविष्य के साथ लगातार हो रहे खिलवाड़, महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक होने के विरोध में युवाओं की गूंज अभियान के तहत देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के ऊर्जावान अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के नेतृत्व में इंदौर से साइकिल रैली प्रारंभ हुई है। इसका समापन भोपाल में होगा जहां मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा रैली में प्रमुख मांगे देश के छात्रों को निशुल्क शिक्षा और पारदर्शी चयन प्रक्रिया का कराया जाना है इस मांग के समर्थन में दमोह एनएसयूआई के अध्यक्ष शुभम तिवारी के नेतृत्व में सांकेतिक रैली अंबेडकर चौराहे से निकल गई जिसमें पेपर चोरों गद्दी छोड़ो छोड़ो चंदा चोरों गद्दी छोड़ो के जमकर नारे लगाए गए और देश के युवाओं के भविष्य के साथ हो रही खिलवाड़ को रोकने की मांग की गई रैली में प्रमुख रूप से कांग्रेस कांग्रेस जिला संगठन महासचिव पंडित नितिन मिश्रा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम तिवारी, कांग्रेस के महामंत्री बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहितास, युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, पप्पू कुशवाहा, श्रीकांत पटेल सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास में देवी भागवत कथा का भव्य शुभारंभ धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के मंगलवारा चौक पर स्थित दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। कथा के प्रथम दिन विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में विधि.विधान से घट स्थापना की गई। इस पावन अवसर पर बड़ा मंदिर से दुर्गा मंदिर तक धूमधाम से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक न्यास के अरविंद राय ने बताया कि आचार्य पंकज परसाई के मुखारविंद से प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक देवी भागवत कथा की अमृत वर्षा होगी। यह कथा 15 तारीख से शुरू होकर आगामी 23 तारीख तक अनवरत जारी रहेगी। कथा के शुभारंभ अवसर पर आचार्य पंकज परसाई, पंडित सीताराम दुबे,पंडित राज मिश्रा और ओमप्रकाश दुबे ने पूरे विधि.विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। इस धार्मिक आयोजन और शोभायात्रा के अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से पूर्व जिला सतर्कता निगरानी सदस्य अरविंद राय, श्याम साहू,दर्शन सिंह केवट, बृजेश साहू, हरीश पांडे सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में बैठक का हुआ आयोजनः विजय पटेल

### डॉ राकेश मिश्र ने कार्यकर्ताओं से किया संवादः राजेश त्रिपाठी नीलू

### 25 अक्टूबर को होगी सातवीं सतना हाफ मैराथन- 2026: रवि शंकर द्विवेदी

### प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजनः सीलम सैनी

**सतना।** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में आगामी कार्य योजना विषय पर बैठक का आयोजन किया गया। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने कहा कि संस्कृत विद्यालय में अध्यनरत छात्रों को विशेष रूप से सम्मान करने व उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सेवा न्यास के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। साथ ही कक्षा दसवीं व कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजन करने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों की संयोजक श्रीमती सीलम सैनी से जानकारी प्राप्त की।

### डॉ राकेश मिश्र ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

डॉ राकेश मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्य योजना विषय पर चर्चा के उपरांत



रूपरेखा तैयार की गई। डॉ राकेश मिश्र ने चर्चा के उपरांत प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन के संदर्भ में कहा कि अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को सेवा न्यास के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके विद्यालय में पहुंचकर सम्मान किया जाएगा। श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल का 50 वॉं स्वास्थ्य शिविर नौगांव में 1-2 अगस्त 2026 को आयोजित किया गया है।

### 25 अक्टूबर को होगी सतना हाफ मैराथन: 2026

राजीव व्यास ने कहा कि सर्वसम्मति से सतना हाफ मैराथन- 2026 का सप्तम् संस्करण का आयोजन 25 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक एक के खेल परिसर में आयोजन किया जाएगा।

इस बार भी 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर एवं 21 किलोमीटर महिला पुरुष कैटिगरी के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। पंजीकरण आनलाइन किया जाएगा व श्री रविशंकर द्विवेदी जी को संयोजक बनाया गया ।

### दद्दाजी की जन्म जयंती पर एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर एवं वृक्षारोपण का होगा आयोजन

18 जुलाई दद्दा जी की 102 वी जन्म जयंती पर पौधारोपण एवं एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन की तैयारी के विषय में भी कार्यकर्ताओं से विस्तार में परामर्श किया गया।

### इनकी रही उपस्थित

राजीव व्यास, कमलेश्वर अग्रवाल, रवि द्विवेदी, जे.पी. गुप्ता, आनंद नारायण शुक्ला, महेंद्र तिवारी, शीलम सैनी, रश्मि सैनी, किरण दुबे, लखनलाल शुक्ला, विवेक तिवारी, विजय सिंह पटेल, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास पर भारी पड़ी डॉक्टरी सलाह, सर्पदंश से गंभीर महिला की सरकारी अस्पताल में बची जान



### डॉ. देवेंद्र ठाकुर की तत्परता और एंटी स्नेक वेनम से डेढ़ घंटे में आया सुधार

**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के समीपस्थ ग्राम झील पिपरिया में घर के आंगन में काम कर रही एक महिला के हाथ की उगंली में जहरीले सांप ने तीन बार काट लिया। परिजन पहले उसे झाड़.फूंक के लिए ले गए। जिससे उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई। समय रहते शासकीय सिविल अस्पताल लाने और ड्यूटी डॉक्टर की त्वरित कार्रवाई से महिला की जान बचाई जा सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार 13 जुलाई को सुखराम की पत्नी राधा बाई 37 वर्ष अपने घर के बाहर आंगन में काम कर रही थीं। इसी दौरान करीब 5 फीट लंबे जहरीले सर्प ने उनके सीधे हाथ की उंगली पर तीन बार हमला कर दिया। सांप के काटने से घबराकर राधा बाई जमीन पर गिर पड़ीं। घटना का पता चलते ही परिजन उन्हें इलाज के बजाय झाड़.फूंक कराने ग्राम तिनसरी ले गए।

### अस्पताल पहुंचने तक बंद हो चुकी थीं आंखें

झाड़.फूंक से राहत न मिलने और महिला की हालत लगातार बिगड़ने पर परिजन उन्हें लेकर तत्काल नगर के शासकीय सिविल अस्पताल पहुंचे। पति सुखराम ने बताया कि जब वे अस्पताल पहुंचे तब राधा बाई पूरी तरह बेसुध थीं। उन्होंने आंखें बंद कर ली थीं और वह कुछ भी बोल नहीं पा रही थीं। अस्पताल में मौजूद ड्यूटी डॉक्टर देवेंद्र ठाकुर ने बिना वक्त गंवाए महिला का आपातकालीन इलाज शुरू किया।

### हाई बीपी ने बढ़ाई डॉक्टर की चुनौती

इलाज करने वाले डॉ देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि जब राधा बाई को अस्पताल लाया गया तो उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। महिला पहले से ही उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) की मरीज थीं। शरीर में सांप का जहर फैलने के कारण उनका ब्लड प्रेशर बढ़कर 200 तक पहुंच गया था जो बेहद खतरनाक था। डॉक्टर ने तत्परता दिखाते हुए महिला को तत्काल एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) के इंजेक्शन दिए। साथ ही मल्टीविटामिन और जरूरी दवाइयों की ड्रिप लगाई गई। करीब डेढ़ घंटे चले गहन उपचार के बाद महिला ने अपनी आंखें खोलीं। फिलहाल महिला डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत में सुधार है।

### डॉक्टर की अपील झाड़.फूंक के अंधविश्वास में न पड़ें

बारिश के मौसम में जहरीले जीव.जंतु और सांपों का निकलना आम है। ऐसी स्थिति में झाड़.फूंक या तांत्रिकों के चक्कर में पड़कर समय बर्बाद न करें। सरकारी अस्पताल में सर्पदंश का पूरी तरह निःशुल्क और समुचित उपचार उपलब्ध है। समय पर अस्पताल आने से मरीज की जान शत.प्रतिशत बचाई जा सकती है।

# आज निकलेंगे जगत के नाथ जगन्नाथ महाप्रभु

**दमोह।** प्राचीन श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना पुरेना तालाब 15 दिनों तक बीमार रहे पंद्रह दिन बाद दर्शन देने जगन्नाथ स्वामी आज गुप्त नौ रात्रि रवि योग में निकलेंगे। भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की वार्षिक रथयात्रा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है शाम 5 बजे बजे मंदिर से भव्य रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. यह आयोजन आस्था और समरसता का प्रतीक है। भगवान जगन्नाथ हर साल अपने मंदिर से बाहर निकलकर श्रथ यात्राश् निकालते हैं ताकि वे अपने सभी भक्तोंकृविशेष रूप से जो मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकतेकृको दर्शन दे सकें और जाति-भेद के बिना सबके साथ प्रेम का आदान-प्रदान कर सकें ,मुख्य रूप से यह यात्रा पौराणिक कथाओं के अनुसार अपनी बहन सुभद्रा की इच्छा पूरी करने के लिए निकाली जाती है, जिसमें वे दोनों भाइयों (जगन्नाथ और बलभद्र) के साथ अपनी मौसी के घर पर जाते हैं। रथ यात्रा



एक दिन पूर्व प्रति बर्षानुसार इस बर्ष भी सुबह 11 बजे से रात्रि 11 बजे विशाल किया जाता है। भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की वार्षिक रथयात्रा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है. मंदिर परिसर में पारंपरिक मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में रथयात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है. श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहिन सुभद्रा की रथ यात्रा के पूर्व सुबह 8 बजे से विधिवत अभिषेक पूजा-अर्चना के बाद शाम 5 बजे नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी. रथयात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना से टॉकीज चौराहा बकौली चोक हनुमान गढ़ी मंदिर घंटाघर उमा मिस्त्री तलैया महाकाली चौराहा सिटी नाल पुनः पुराना थाना में मोसी के घर पर जगन्नाथ स्वामी रुकेंगे जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे. विभिन्न स्थानों पर रथ का स्वागत भी किया जाएगा। श्री जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग जी ने रथयात्रा को आस्था और समरसता का प्रतीक बताया है।

वही जगन्नाथ सेवा समिति ने नगरवासियों, माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने की अपील की है. समिति का कहना है कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आस्था का प्रतीक भी है. इस अवसर पर सभी वर्गों के लोग मिलकर भगवान के रथ को खींचते हैं।

# आरक्षक अमरदास कलाम बने प्रधान आरक्षक,थाना प्रभारी आदित्य सेन ने लगाई फीती



**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के मंगलवारा थाने में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 964 अमरदास कलाम को पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के आदेशानुसार प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। आदेश के पालन में मंगलवारा थाना प्रभारी आदित्य सेन एवं सब इंस्पेक्टर मानिक सिंह बट्टी ने नवनियुक्त प्रधान आरक्षक अमरदास कलाम की भुजाओं में फीती लगाई। इसके बाद उन्हें प्रधान आरक्षक का विधिवत कार्यभार सौंपा गया। थाना प्रभारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर थाने में मौजूद समस्त पुलिस स्टाफ और सहकर्मियों ने भी अमरदास कलाम को पदोन्नति मिलने पर हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनाएं दीं।

# बॉस लिखी कार से 135 बल्क लीटर अवैध की तस्करी

**दमोह।** एसपी आनंद कलादगि के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी तेंदूखेड़ा श्रीमती अर्चना अहीर के नेतृत्व में थाना तेंदूखेड़ा पुलिस को अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना तेंदूखेड़ा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की आई-20 कार, जिसकी नंबर प्लेट पर बॉस लिखा हुआ है, के माध्यम से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना पुलिस द्वारा





तत्काल टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान भटरिया-खकरिया मार्ग पर रवाना होकर घेराबंदी की गई।

पुलिस की गतिविधि देखकर आरोपी वाहन से शराब के कार्टून ग्राम खकरिया के समीप झाड़ियों में छिपाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम ने साक्षियों की उपस्थिति में विधिवत तलाशी एवं वीडियोग्राफी कर झाड़ियों में छिपे 15 कार्टून बरामद किए, जिनमें 750 पाव (135 बल्क लीटर) देशी लाल मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 75,000 है। तलाशी एवं खोजबीन के दौरान मुखबिर द्वारा बताई गई आई-20 कार (क्रमांक एमपी 20 सीजी 1843) भी ग्राम खकरिया से बरामद की गई। उक्त वाहन की अनुमानित कीमत 5 लाख है। पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन को विधिवत जब्त किया गया। आरोपी घटना स्थल से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज ठाकुर, प्रधान आरक्षक केवल प्रधान, ब्रजेश तिवारी, रविचंद सेन, आरक्षक विशाल बैन, नंदलाल कुर्मी, शैलेन्द्र बघेल, रणधीर दांगी तथा सायबर सेल के प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का शुभारंभ, नशामुक्ति शपथ एवं जागरूकता रथ रवाना



**दमोह।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि के नेतृत्व में किया गया। यह विशेष अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक जिले भर में संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि ने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प कराया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। रथ के माध्यम से शहर में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों, सामाजिक एवं पारिवारिक नुकसान तथा स्वस्थ जीवन के महत्व के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, जनसंवाद, विद्यालय एवं महाविद्यालयों में विशेष गतिविधियां तथा जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सीएसपी श्री एच.आर. पांडे, एसडोपी श्री सौरभ त्रिपाठी, थाना प्रभारी देहात श्री धर्मेंद्र उपाध्याय, थाना प्रभारी अजाक श्रीमती रचना मिश्रा, रक्षित निरीक्षक श्री अभिनव साहू,आकांक्षा जोशी,उपनिरी. वीरेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओरू पिपरिया में किशोरी बालिकाओं ने जानी तहसील,बैंक और पुलिस थाने की कार्यप्रणाली

**पिपरिया (ब्यूरो)।** शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत किशोरी बालिकाओं के लिए एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक, वित्तीय और सुरक्षा व्यवस्था संबंधी व्यावहारिक व शैक्षणिक जानकारी देना था। कार्यक्रम परियोजना अधिकारी कमल कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। सेक्टर अंतर्गत आने वाली किशोरी बालिकाओं को पर्यवेक्षक मंजुला जैन दुबे द्वारा विभिन्न शासकीय संस्थानों का भ्रमण कराया गया।

### बैंक में सीखी वित्तीय साक्षरता

भ्रमण के दौरान बालिकाएं सबसे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पहुँचीं। यहाँ बैंक प्रबंधक मनीष कुमार एवं अशोक कुमार शर्मा द्वारा बालिकाओं को बैंक की कार्यप्रणाली समझाई गई। उन्होंने बालिकाओं को खाता खोलने,डिजिटल ट्रांजैक्शन,बचत





योजनाओं और बैंकिंग सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

### थाने में मिली सुरक्षा और नशा मुक्ति की सीख

इसके बाद बालिकाओं ने स्थानीय पुलिस थाने का दौरा किया। थाने में एसआई राजेंद्र कुमार कुशवाहा और एसआई रेखा मुनिया ने बालिकाओं को कानून,आत्मरक्षा और सुरक्षा अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विशेष रूप से बालिकाओं को नशा मुक्ति की जानकारी देते हुए नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और समाज को इससे दूर रखने का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही बालिकाओं को तहसील कार्यालय का भी भ्रमण कराकर राजस्व और प्रशासनिक कार्यों की जानकारी दी गई। इस विशेष शैक्षणिक भ्रमण के अवसर पर चंद्रप्रकाश शर्मा,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा रघुवंशी, सहायिका प्रभा, सुनीता, माया व शौर्य दल की सदस्य मानसी बाथरे सहित सेक्टर की अनेक किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व युवा कौशल दिवस की दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा है कि युवाओं की प्रतिभा, कौशल, नवाचार और उद्यमिता ही विकसित भारत और समृद्ध मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति है। हमारी सरकार युवा शक्ति को आत्मनिर्भर, सक्षम और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह विश्वास है कि प्रदेश के युवा अपने कौशल और सामर्थ्य से प्रगति और राष्ट्र निर्माण के नए प्रतिमान स्थापित करेंगे।

### सहकारिता विभाग में 613 पदोन्नति

**भोपाल।** सहकारिता विभाग में पदोन्नति नियम 2025 के तहत 15 संवर्ग में कुल 613 पदोन्नति आदेश जारी किये गये हैं। इसमें प्रथम श्रेणी के पदों पर 41, द्वितीय श्रेणी के पदों पर 84, तृतीय श्रेणी के पदों पर 486 और चतुर्थ श्रेणी के 2 पदों पर अधिकारियों/कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है।

15 संवर्ग में संयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएँ के 22, उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ के 19, सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएँ के 13, अंकेक्षण अधिकारी के 71, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के 196, सहकारी निरीक्षक के 106, सहायक ग्रेड-2 के 111, शीघ्र लेखक ग्रेड-2 के 6, अधीक्षक के 2, शीघ्र लेखक ग्रेड-3 के 2, संभागीय अधीक्षक के 8, सुपरवाइजर के 1, सहायक ग्रेड-1 के 29, जमादार का 1 और सहायक ग्रेड-3 के 26 पदोन्नति आदेश जारी किये गये हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को नई दिल्ली में फेथ कॉन्क्लेव 2026 में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 जुलाई, गुरुवार को नई दिल्ली में दो दिवसीय %फेथ कॉन्क्लेव 2026% में सम्मिलित होंगे। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी (FAITH) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय अतुल्य भारत॒ अमूल्य अर्थशास्त्र (Incredible India: Invaluable Economics) है। यह कॉन्क्लेव 16 और 17 जुलाई 2026 को देश के नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय उन्नति को गति देना है। कार्यक्रम के दौरान देश में यात्रा और पर्यटन के अवसरों को बढ़ाने के लिए टूरिज्म ग्रोथ चार्टर के तहत एक समयबद्ध कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा जाएगा। इस चार्टर में पर्यटन को बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का दर्जा देने, मिशन मोड पर 50 पर्यटन स्थलों का विकास करने और वैश्विक स्तर पर ब्रांड इंडिया के प्रचार जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, सरलीकृत वीजा व्यवस्था, पर्यटन बुनियादी ढांचे में निवेश और सिंगल-विंडो क्लियरेंस के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा होगी। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के इस शीर्ष निकाय स्न्नह्वञ्ज॥ के मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति मध्यप्रदेश में पर्यटन निवेश और विकास की नई संभावनाओं को रेखांकित करेगी।

पीआईबी मीडिया वार्तालापः रीवा में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और सांसद जनार्दन मिश्र ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर रखे विचार

# आयुष्मान कार्ड दुनिया का सबसे बड़ा हेल्थ कवरेज अभियानः राजेंद्र शुक्ल

*रीवा में पीआईबी के वार्तालाप कार्यक्रम में बोले उपमुख्यमंत्री, जनार्दन मिश्र ने कहा— सुधारों से योजनाएं हुईं अधिक पारदर्शी और प्रभावी*

**भोपाल/रीवा।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भोपाल द्वारा रीवा में आयोजित मीडिया वार्तालाप कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से केंद्र सरकार ने गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का दुनिया का सबसे बड़ा और सफल प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिए अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी बिना आर्थिक चिंता के बड़े और आधुनिक अस्पतालों में उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। पहले गरीब परिवार गंभीर बीमारी की स्थिति में इलाज का खर्च नहीं उठा पाते थे, लेकिन अब आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सहज और सरल तरीके से उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की अनूठी योजना है, जिसमें करोड़ों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने मीडिया से भी अपील की कि वह इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए, ताकि पात्र हितग्राही इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं की सफलता तभी संभव है, जब उनकी जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कार्यक्रम में रीवा के सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं में समय-समय पर आवश्यक सुधार कर उन्हें अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। उन्होंने कहा कि विसंगतियों को दूर करने से योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत-2047 का लक्ष्य इसी प्रकार के प्रयासों से साकार होगा।




माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, रीवा परिसर के प्रभारी डॉ. सत्येंद्र डेहरिया ने कहा कि आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं और विकसित भारत-2047 का विजन देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका के कारण आम लोगों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है और बड़ी संख्या में लोग इनका लाभ ले रहे हैं।

कार्यक्रम में डॉ. मुकेश येंगले और विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जयराम शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से भी संभव है। यदि लोग अपनी सोच और कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाएं तो विकास की गति और तेज हो सकती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत भाषण में मनीष गौतम ने कहा कि पत्र सूचना कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का महत्वपूर्ण अंग है, जो केंद्र सरकार की योजनाओं और नीतियों को मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी पहलों की भी जानकारी दी।

उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित तकनीकी सत्र में पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने %विरासत से विकास तक% विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि देश की ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों का संरक्षण केवल पर्यटन बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास को सहेजने का भी महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन पीआईबी भोपाल के सहायक निदेशक अजय उपाध्याय तथा तकनीकी सत्र का संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो रीवा के सहायक प्रचार अधिकारी मुकेश मंडल ने किया। कार्यक्रम में रीवा के अनेक पत्रकारों, मीडिया प्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

# सावन को आने दो थीम पर हरसंभव फाउंडेशन का वृक्षारोपण संकल्प



### एक पौधा मां के नाम अभियान को मिला समर्थन

**भोपाल।** हरसंभव फाउंडेशन द्वारा सावन को आने दो卐 थीम पर एक विशेष बैठक एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से 卐एक पौधा मां के नाम लगाने का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने हरी साड़ी, हरी चूड़ियां, हरी नेल पॉलिश और हरित परिधान धारण कर प्रकृति एवं हरियाली के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को अभिव्यक्त किया। सभी ने हरित पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया तथा सावन और हरियाली से जुड़े गीतों के माध्यम से वातावरण को उल्लासपूर्ण बनाया।

इस अवसर पर हरसंभव फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि वर्ष में कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम लगाए और उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और प्रकृति को सुरक्षित रखने की अपील की।

बैठक में आगामी सावन उत्सव के आयोजन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों ने कार्यक्रम को भव्य एवं व्यापक स्वरूप देने के लिए विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की तिथि एवं स्थान फिलहाल विचाराधीन है, जिसकी सूचना शीघ्र ही सभी को दी जाएगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नेहा संतोषवार, संयुक्त सचिव रेवती सिंह, मार्गदर्शक डॉ. प्रीति उपाध्याय, वरिष्ठ सलाहकार कस्तूरी साहू एवं गीता कटारिया, कोषाध्यक्ष ममता गुप्ता सहित महक अंदानी, पूजा जुमरानी, नीतू गुप्ता, जे. अरुणा राव, रागिनी साहू, पूनम मिश्रा, अनीता अग्रवाल, मधु जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# 227 अस्पतालों ने सीखे गुणवत्ता के मानक, एनएबीएच यात्रा में 500 स्वास्थ्य विशेषज्ञ हुए शामिल

### रोगी सुरक्षा और गुणवत्ता पर जोर, भोपाल में एनएबीएच के पाँच दिवसीय जागरूकता सत्र सम्पन्न

**भोपाल।** मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) द्वारा आयोजित %एनएबीएच गुणवत्ता यात्रा% का मंगलवार को भोपाल में समापन हो गया। 6 से 14 जुलाई तक आयोजित पाँच सत्रों में प्रदेश के 227 अस्पतालों के प्रतिनिधियों और लगभग 500 स्वास्थ्य पेशेवरों ने भाग लेकर गुणवत्ता मानकों और रोगी सुरक्षा से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन सत्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. कामिनी मेहरा, चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अजय गोयनका, हजेला अस्पताल के संस्थापक डॉ. अनूप हजेला तथा जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल की एनएबीएच प्रधान निर्धारक डॉ. दीप्ति चंद्रा शर्मा मौजूद रहे।




डॉ. अजय गोयनका ने कहा कि एनएबीएच के मानक अस्पतालों के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ की तरह हैं, जिनके पालन से रोगी सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मानकीकृत प्रक्रियाओं से अस्पतालों की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनती है।

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में एनएबीएच केवल प्रमाणन नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहचान बन चुका है। उन्होंने अस्पतालों से एंट्री लेवल प्रमाणन और पूर्ण प्रत्यायन के लिए आगे आने का आह्वान किया तथा बताया कि भोपाल पेपरलेस स्वास्थ्य व्यवस्था की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रहा है।

डॉ. अनूप हजेला ने कहा कि प्रभावी संचार, सटीक दस्तावेजीकरण और उच्च जोखिम वाले मामलों की व्यवस्थित सहमति प्रक्रिया गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि एनएबीएच अस्पतालों के लिए बोझ नहीं बल्कि गुणवत्ता सुधार का सहयोगी है।

### गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाएँ सुरक्षित उपचार की आधारशिला -डॉ कामिनी मेहरा

इस अवसर पर जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. कामिनी मेहरा ने सभी अस्पतालों को शीघ्र एनएबीएच प्रमाणन एवं प्रत्यायन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में गुणवत्ता कोई विकल्प नहीं, बल्कि रोगी सुरक्षा की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि मानकीकृत प्रोटोकॉल, प्रभावी संक्रमण नियंत्रण और आँकड़ों पर आधारित निर्णय-प्रक्रिया न केवल उपचार परिणामों को बेहतर बनाते हैं, बल्कि अस्पताल-जनित संक्रमणों तथा चिकित्सकीय त्रुटियों को कम करने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाएँ जनता के विश्वास को सुदृढ़ करती हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य को समग्र रूप से मज़बूत बनाती हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता के प्रसार हेतु निरंतर सहयोग के लिए भारतीय गुणवत्ता परिषद एवं एनएबीएच की सराहना की तथा विगत दिनों आयोजित इन जागरूकता सत्रों के लिए भारतीय गुणवत्ता परिषद का आभार व्यक्त किया और भविष्य के कार्यक्रमों के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## घर की राह भटकी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**भोपाल।** नरसिंहपुर जिले के थाना करेली क्षेत्र में डायल- 112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से घर का रास्ता भटक गई 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई सहायता से बुजुर्ग महिला सकुशल अपने घर पहुँच सकीं। 14 जुलाई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना करेली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जनौर में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला मिली हैं, जो अपने घर का रास्ता भटक गई हैं तथा उन्हें पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही करेली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 526 श्री सचिन सिंह लोधी एवं पायलट श्री दीपेश यादव घटनास्थल पर पहुँचे और बुजुर्ग महिला को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। आसपास पूछताछ एवं जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि महिला ग्राम बम्हनी सुआताला की निवासी हैं।

# प्रदेश के शासकीय स्कूलों में मां सरस्वती एवं गुरु वंदना के साथ शुरू हुई गतिविधियां

### 29 जुलाई तक स्कूलों में संस्कार, शिक्षा, प्रेरणा पर केंद्रित होंगे कार्यक्रम, भाषण, निबंध, योग, पौधरोपण, गुरु-शिष्य संवाद सहित आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

**भोपाल।** प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में 15 से 29 जुलाई 2026 तक मनाए जाने वाले गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मां सरस?वती एवं गुरु वंदना की। भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान को केंद्र में रखते हुए आयोजित किए जा रहे इस पखवाड़े का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु के प्रति सम्मान, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था विकसित करना और विद्यालयों में



सकारात्मक एवं संस्कारमय शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है।

पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें गुरु के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता, 'मेरे जीवन में गुरु' विषय पर निबंध लेखन, संस्कृत श्लोक, गुरु वंदना, भजन प्रस्तुति, योग एवं ध्यान, स्वास्थ्य जागरूकता, कॅरियर मार्गदर्शन, प्रेरक व्याख्यान, 'एक गुरुङ्कएक वृक्ष' अभियान, अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम), स्वच्छता एवं जनजागरूकता रैली और 'गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद' प्रमुख रहेंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

नशामुक्त मध्यप्रदेश अभियानः मध्यप्रदेश पुलिस का राज्यव्यापी 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान शुरू

# नशे के खिलाफ प्रदेशभर में चलेगा महाअभियान, स्कूल-कॉलेजों से गांव-शहर तक जागरूकता की अलख

### रैली, ड्रग अवेयरनेस रन, नुक्कड़ नाटक, शपथ, पोस्टर प्रतियोगिता और सोशल मीडिया अभियान से युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रयास

**भोपाल।** मध्यप्रदेश को नशामुक्त बनाने और विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस ने राज्यव्यापी 卐नशे से दूरी है जरूरी 2.0卐 अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 14 जुलाई को इस अभियान का शुभारंभ किया था। इसके तहत 15 से 30 जुलाई तक प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य केवल नशे के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को इस मुहिम से जोड़कर नशामुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित मध्यप्रदेश का निर्माण करना है।

अभियान के तहत बुधवार से प्रदेशभर में एक साथ रैली, ड्रग अवेयरनेस रन, शपथ कार्यक्रम और जनसंवाद जैसे आयोजन शुरू हो गए। स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के साथ-साथ एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस विभाग का मानना है कि नशे के खिलाफ जनभागीदारी ही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत होगी।

मध्यप्रदेश पुलिस के अनुसार, मादक पदार्थों का बढ़ता दुरुपयोग केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार और




समाज की सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था पर भी गंभीर असर डालता है। इसी चुनौती से निपटने के लिए पुलिस विभाग जागरूकता और कानून प्रवर्तन दोनों स्तरों पर समानांतर प्रयास कर रहा है।

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा तथा अन्य विभागों को जोड़ा गया है। इसके अलावा स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन, जनप्रतिनिधि और नागरिक समाज भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अखिल भारतीय गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग और हार्टफुलनेस जैसी संस्थाएं भी अभियान में सहयोग करेंगी। सामाजिक न्याय एवं एमएसएमई विभाग द्वारा प्रशिक्षित मास्टर वॉलेंटियर्स विद्यार्थियों और नागरिकों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं कला पथक दल नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे। Alcoholics Anonymous और Narcotics Anonymous जैसी संस्थाओं के विशेषज्ञ भी परामर्श और जनजागरूकता गतिविधियों में सहयोग देंगे।

# दतिया में स्वीप गतिविधियों अंतर्गत विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन-2026 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप (स्ङ्कश्वश्वक्क) गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालयीन स्टॉफ ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने की मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही एक पौधा लोकतंत्र के नाम के तहत पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की जा रही है।

विद्यालयों में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य



रूप से प्रयोग करने तथा निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

स्वीप गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बनाना है।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादकः ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोनः 9685229488, ई-मेलः janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**